तापमान
अधिकतम 39.5 डिग्री
न्यूनतम 23.2 डिग्री

हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, सोमवार 11 मई 2026

12 राजा शिवाजी का शौर्य को देखकर उत्साहित हुए दर्शक ...

13 8 से 80 वर्ष तक के कलाकारों ने दी रवीन्द्र ...




### भिलाई के सुंदर नगर इलाके में सरकारी नाले की जमीन पर अवैध प्लॉटिंग का आरोप

# निगम पर भूमाफिया भारी, अवैध प्लाटिंग की कार्रवाई के तुरंत बाद फिर बना दी रोड

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

*भिलाई में प्लाटिंग का कारोबार करने वाले भू-माफिया अब अधिकारियों से भी नहीं डर रहे हैं। ताजा मामला भिलाई निगम के जोन दो अंतर्गत सुंदर नगर में केपीएस स्कूल के पीछे का है। यहां बीते 19 अप्रैल को निगम की टीम ने जाकर अवैध प्लॉटिंग पर कार्रवाई की थी। वहां बनाई गई मार्ग और प्लॉट की संरचना को बिगाड़कर मुरुम जब्त की गई थी और बाउंड्रीवाल तोड़ी गई थी।*

निगम के अधिकारियों ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ पंचनामा कार्रवाई रिपोर्ट बनाकर भेज दी और उसके अगले ही दिन भू-माफिया ने वहां अवैध प्लॉटिंग शुरू कर दी। ऐसा करने से अब निगम की कार्रवाई पर सवाल खड़े हो रहे हैं। वार्ड पार्षद का कहना है कि इस पर निगम को नाम के साथ कार्रवाई करना चाहिए, लेकिन अज्ञात के नाम कार्रवाई करने से इस तरह की स्थिति बनती है।

जानकारी के मुताबिक वार्ड 20 अंतर्गत केपीएस स्कूल के पीछे एक नाला गुजर रहा है। इस नाले से लगती एक बड़ी खाली जमीन को छोटे छोटे भू-खंडों में काटकर अवैध प्लॉटिंग की जा रही है। बताया जा रहा है कि इस जमीन पर प्लॉटिंग करने वाले भू-माफिया पर कुछ स्थानीय नेताओं का संरक्षण है। हरिभूमि ने जब इस खबर को प्रमुखता से उठाया तो निगम की टीम ने वहां जाकर इस पर कार्रवाई की। निगम की खानापूर्ति कार्रवाई के बाद भू-माफिया ने फिर से यहां अवैध प्लॉटिंग शुरू कर दी है। जोन 2 के कुछ भाजपा पार्षद इसे लेकर काफी नाराज हैं। उनका कहना है कि अवैध प्लॉटिंग करने वाले ने नाले की जमीन को पाटकर उसमें भी प्लॉटिंग की है। यदि निगम ने समय रहते नाली का सीमांकन कर जमीन से अतिक्रमण और प्लॉटिंग को नहीं हटवाया तो कुछ दिन में यहां मकान बन जाएंगे। इसके बाद भू-माफिया नहीं आम लोग परेशान होंगे।



#### पार्षद ने की थी लोगों से अपील

इस मामले को लेकर वार्ड 20 की भाजपा पार्षद स्मिता दोड़के ने लोगों से अपील भी की थी। उनका कहना है कि लोग अवैध प्लॉटिंग में प्लॉट खरीदने से पहले निगम और राजस्व विभाग के अधिकारियों या स्थानीय पार्षद से सही जानकारी लें। इसके बाद ही अपनी मेहनत की पूंजी इसमें लगा कर जमीन को खरीदें।

#### काटे गए 24 प्लॉट

जानकारी के मुताबिक यहां पर भू-माफिया द्वारा जो जमीन का लेआउट काटा गया और उसे मार्केट में खरीदी बिक्री के लिए जारी कर दिया है। काटे गए लेआउट के मुताबिक इस जमीन पर 24 प्लाट काटे गए हैं, जो अलग-अलग साइज के हैं। अवैध प्लाटिंग करने वाले सोशल मीडिया में इसका प्रचार भी कर रहे हैं। उसमें जमीन का रेट 1200-2800 रुपए वर्ग फिट तक बताया जा रहा है। लोगों की प्रीमियम लोकेशन और प्रीमियम बिजली पानी की सुविधा बताकर प्लॉट बेचे जा रहे हैं। इस पर एसडीएम और तहसीलदार को भी संज्ञान लेकर कार्रवाई करनी चाहिए, लेकिन उनके द्वारा भी इसे रोकने के लिए कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है।

## हत्या का प्रयास करने वाले फरार आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

हत्या का प्रयास कर फरार होने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा है। दुर्ग पुलिस ने बताया कि वैशाली नगर निवासी नंदन कुमार साव अपने दोस्त के साथ राजीव नगर जैतखाम के पास होली खेल रहा था। तभी आरोपी निवासी वार्ड 19 राजीव नगर अमन माकरंडेय, शास्त्री नगर कैम्प 1 मनोहर टंडन पहुंचे और वहां खड़े होने की बात को लेकर पीड़ित से विवाद करने लगे। विवाद बढ़ने पर गाली-गलौज कर ईंट से सिर पर हमला कर दिया। पीड़ित को घटना में गंभीर चोट आई। उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। विवेचना के दौरान घायल के बयान के आधार पर आरोपी अमन मारकण्डेय, कली उर्फ कली बाई को पुलिस ने पहले ही पकड़




चुकी थी। मुख्य आरोपी मनोहर टंडन फरार चल रहा था। आरोपी अपने घर आया हुआ था, तभी पुलिस की टीम ने घेराबंदी कर आरोपी को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी ने घटना को अंजाम देना स्वीकार किया है।

### दमकल ने समय रहते बुझाया

## कोयले से भरे ट्रक में लगी आग

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई


दुर्ग जिले के कुम्हारी स्थित टोल प्लाजा के पास कोयले से भरे एक ट्रक में अचानक आग लगने से अफरा तफरी मच गई। जानकारी के मुताबिक रविवार सुबह कोयले से भरा एक ट्रक खड़ा था। अचानक उसमें लदे कोयले से धुंआ निकलना शुरू हो गया। ट्रक में आग लगने की सूचना से वहां हल्ला हो गया। तुरंत मामले की सूचना पुलिस और दमकल विभाग को दी गई। दमकल कर्मी मौके पर पहुंचे और ट्रक में लगी आग को बुझाया गया। आग से कितने का नुकसान हुआ और आग कैसे लगी इसकी जानकारी नहीं मिल पाई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। ऐसा कहा जा रहा है कि तेज धूप और गर्मी के चलते कई बार ऐसा हो जाता है। वाहनों में शार्ट सर्किट से भी



आग लगने का अंदेशा रहता है। पुलिस की जांच के बाद ही आग लगने के कारणों का पता चल पाएगा। आग बुझाने में दमकल दल प्रभारी भगवती बंजारे, शैलेंद्र, कुलेश्वर, कुंजेश, उमाशंकर, कमलेश मौजूद थे।

### चोरी की घटना | सुपेला थाना क्षेत्र की घटना, शादी में शामिल होने गया था परिवार

## लोको पायलट के मकान से 8 लाख की चोरी



हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

सुपेला थाना से कुछ दूर पर स्थित पॉश कालोनी राधिका नगर में रेलवे के लोको पायलेट के मकान में लाखों की चोरी का मामला सामने आया है। सुपेला पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ अपराध दर्ज जांच शुरू की है। सुपेला पुलिस ने बताया कि रेलवे में कार्यरत लोको पायलट राधिका नगर निवासी त्रिलोकी नाथ अपने पूरे परिवार के साथ शनिवार की रात खुर्सीपार में शादी समारोह में शामिल होने गए हुए थे।

देर रात करीब 1 बजे जब परिवार वापस लौटा तो देखा कि मकान के पीछे का दरवाजा खुला है। भीतर जाकर देखने पर बेडरूम में रखी अलमारी और लॉकर भी खुले पड़े थे। उनकी पत्नी के शादी का जेवरात गायब मिले। पत्नी ने बताया कि आलमारी से उसका सोने का मांग टीका, कान के जेवर, नाक की नथ, गले की चेन, पायल, अंगूठी समेत कई सोने-चांदी के जेवरात चोरी हो गए। वहीं त्रिनाथ की अंगूठी और चेन सहित नगद 1 लाख रुपए चोरी हुए हैं। घर के बाहर सीसीटीवी कैमरा



लगा हुआ था, लेकिन सीसीटीवी कैमरे का स्वीच ऑफ मिला। मकान के भीतर दो लॉकर से कैश और जेवरता की चोरी हुई है। इसमें से एक लॉकर पहले से खुला हुआ था, जबकि दूसरा लॉकर लॉक था। जिसकी चाबी गद्दे के नीचे छिपा कर रखी गई थी थी। चोरों ने बिना किसी सामान को नुकसान पहुंचाए गद्दे के नीचे से चाबी निकाली और लॉकर का सामान चोरी कर के लेकर गए। पुलिस के मुताबिक चोरों ने लगभग 8 लाख रुपए की चोरी की है।

#### आसपास के कैमरों को खंगाल रही पुलिस

सुपेला पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं। शनिवार सुबह भी पुलिस के अधिकारी भी घटनास्थल पहुंचे और जांच की। पुलिस को संदेह है कि चोरों ने पहले घर की रेकी की फिर परिवार के बाहर जाने का इंतजार किया। उसके बाद घटना को अंजाम दिया होगा। फिलहाल जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो पाएगी।





# कार्यकर्ताओं के दम पर भाजपा बनी दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी : गजेंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

भारतीय जनता पार्टी की जिला कार्यसमिति की बैठक रविवार को दुर्ग जिला भाजपा कार्यालय में जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में संगठन की मजबूती, बूथ स्तर तक सक्रियता बढ़ाने और आगामी राजनीतिक रणनीति को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मंत्री गजेंद्र यादव शामिल हुए।

बैठक में संगठन के इतिहास पर प्रकाश डाला गया और पार्टी को बूथ स्तर तक मजबूत करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही हाल ही में संपन्न विधानसभा चुनावों में भाजपा की ऐतिहासिक जीत पर बधाई प्रस्ताव और नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित नहीं होने पर निंदा प्रस्ताव भी पारित किया गया। मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री गजेंद्र यादव ने अपने संबोधन में कहा कि चैरेवेती-चैरेवेती यानी लगातार आगे बढ़ते रहने के मूल मंत्र के आधार पर कार्य करते हुए भाजपा को और मजबूत बनाना है। उन्होंने बंगाल, असम और पुडुचेरी में भाजपा की जीत को कार्यकर्ताओं के समर्पण और मेहनत का परिणाम बताया। उन्होंने उड़ीसा, बिहार और बंगाल चुनावों का उल्लेख करते हुए कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं ने वहां जीत का परचम लहराया है। गजेंद्र यादव ने भाजपा के इतिहास को याद करते हुए कहा कि 1984 में भाजपा को केवल दो लोकसभा सीटें मिली थीं, लेकिन कार्यकर्ताओं के संघर्ष और समर्पण से पार्टी लगातार आगे बढ़ी। उन्होंने अटल बिहारी वाजपेयी सरकार के कार्यों का उल्लेख करते हुए सड़क, दूरसंचार और परमाणु परीक्षण जैसे फैसलों को देशहित में ऐतिहासिक बताया। साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा को दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बनने की दिशा में अग्रसर बताया। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष सरस्वती बंजारे, महापौर अलका बाघमार, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य चंद्रिका चंद्राकर, उषा टावरी, माया बेलचंदन, पदमा देवांगन, रमशिला साहू, दयाराम साहू, पवन शर्मा, सभापति श्याम शर्मा, कीर्ति नायक, कुलेश्वरी देवांगन, कुम्हारी नगर पालिका अध्यक्ष मीना वर्मा, जिला महामंत्री दिलीप साहू और विनोद अरोरा सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद थे।

## भाजपा नेताओं ने गिनाई केंद्र और राज्य सरकार की उपलब्धियां

### संगठन की मजबूती ही भाजपा की ताकत

जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक ने कहा कि संगठन की मजबूती ही भाजपा की सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने कहा कि हमने बनाया है, हम ही संवारेंगे के संकल्प के साथ सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को काम करना होगा। उन्होंने बताया कि दुर्ग जिले में 17 मंडल, 829 बूथ और कई शक्ति केंद्र हैं, जिनकी जानकारी हर दायित्वधारी को होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय नेतृत्व के निर्देशानुसार प्रत्येक माह मंडल स्तर, जिला स्तर और बूथ स्तर पर बैठकें आयोजित की जानी हैं। साथ ही हर माह अंतिम रविवार को मन की बात कार्यक्रम का आयोजन अनिवार्य रूप से करना होगा। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाने की अपील की।




### संगठन को और मजबूत करने कार्यकर्ताओं से आह्वान

दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि भाजपा राष्ट्रवादी विचारधारा वाली पार्टी है और यही वजह है कि उसे पार्टी विद डिफरेंस कहा जाता है। उन्होंने राम मंदिर निर्माण, अनुच्छेद 370 हटाने और प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना जैसे फैसलों को भाजपा की निर्णायक राजनीति का उदाहरण बताया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकास के नए दौर में प्रवेश कर चुका है और छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार प्रधानमंत्री की गारंटी को पूरा करने की दिशा में काम कर रही है। उन्होंने संगठन को और मजबूत करने के लिए सभी कार्यकर्ताओं से सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। बैठक में जिला भाजपा उपाध्यक्ष शिवेंद्र परिहार ने बंगाल, असम और पुडुचेरी में भाजपा की जीत पर बधाई प्रस्ताव का वाचन किया। वहीं जिला उपाध्यक्ष हर्षा चंद्राकर ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित नहीं होने को लेकर विपक्षी दलों के खिलाफ निंदा प्रस्ताव प्रस्तुत किया, जिसका बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने समर्थन किया।

## खबर संक्षेप



### भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा मिला विधायक से

**जामुल।** भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा जामुल मंडल के प्रतिनिधि गण अहिवारा विधायक डोमन लाल कोर्सेवाड़ा से रविवार को उनके भिलाई -3 कार्यालय में मिले। अध्यक्ष अनवर अली के नेतृत्व में महामंत्री अब्दुल राज़िक अली, यूनुस सिद्दीकी, उपाध्यक्ष गण अब्दुल परवेज़, ताहिर खान, मोहम्मद ज़हीर, साजिद अली, जाकिर अली आदि ने भेंट की एवं संगठन के विस्तार के बारे में चर्चा की1 इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि सतीश साहू नपा अध्यक्ष जामुल ईश्वर सिंह ठाकुर और भाजपा जिला भिलाई उपकोषाध्यक्ष हेमंत देवांगन आदि उपस्थित रहे।

### विकास कार्यों को मिली गति

**जामगांव आर।** ग्राम पंचायत धमना में जिला पंचायत निधि से मुख्य मार्ग से श्मशान घाट तक सी सी रोड़ निर्माण, रमसगरा तालाब में पचरीकरण कार्य और शेड निर्माण हेतु जिला पंचायत सभापति कल्पना नारद साहू ने भूमिपूजन किया। उन्होने कहा कि भाजपा की ट्रिपल इंजन सरकार गांव की विकास में गंगा बहाने के लिए कृतसंकल्पित है। इस दौरान सरपंच लोकेश महलवार, लालकुमार साहू, अंकालू साहू, नारद साहू, नरेश मार्कण्डेय पंच,हेमा साहू मितानिन, कोमिन सोनी आदि उपस्थित थे।

## निधन

### नरेश वर्मा



दुर्ग। शिव शक्ति सत्संग कल्याण समिति सुभाष नगर के संस्थापक वरिष्ठ सदस्य नरेश वर्मा उम्र 79 वर्ष का निधन 10 मई को हो गया है। उनका अंतिम संस्कार 11 मई सोमवार को शिवनाथ नदी मुक्तिधाम दुर्ग में किया जाएगा।

### नागेंद्र चौरसिया



**भिलाई।** सेक्टर-6 सी मार्केट निवासी हनुमान मंदिर एवं चौरसिया समाज के सक्रिय सदस्य नागेंद्र चौरसिया (72) वर्ष पिता स्व. सीताराम चौरसिया का निधन रविवार को हो गया। उनका अंतिम संस्कार रामनगर मुक्तिधाम में किया गया। वे रोशन के पिता एवं नीता, सुशील, आशा, अनिल और रणधीर चौरसिया के भाई थे।

## इंटरनेट कनेक्शन और लैपटॉप की जानकारी ली जा रही

# जनगणना ने पकड़ी रफ्तार, सुबह 7 बजे प्रगणक घर-घर दे रहे दस्तक, मकानों की ली जा रही जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

जिले में जनगणना के सर्वे ने रफ्तार पकड़ ली है। शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में प्रगणक और पर्यवेक्षक लगातार घरों तक पहुंच रहे हैं। दोपहर के समय लोगों के नहीं मिलने पर सुबह 7 बजे से वे लोगों के घरों में दस्तक दे रहे हैं। इस दौरान मकानों की जानकारी जुटाई जा रही है। इसके अलावा कम्प्यूटर, लैपटॉप से लेकर इंटरनेट कनेक्शन के बारे में पूछा जा रहा है। मकान सूचीकरण के साथ अपार्टमेंट, सोसायटी की जानकारी ली जा रही है। 1 मई से इसकी शुरुआत की गई है।। पहले चरण में 30 मई तक घर-घर जाकर जानकारी कलेक्ट की जानी है। अधिकारियों ने बताया कि पूर्व अनुभवों के आधार पर यह पाया गया है कि गेटेड कम्युनिटीज, हाई-राइज अपार्टमेंट्स एवं निजी कॉलोनियों में प्रगणकों को प्रवेश एवं डेटा संग्रहण में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। कई बार सुरक्षा प्रोटोकॉल एवं रेसिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के साथ समन्वय की कमी के कारण कार्य प्रभावित होता है। इसे देखते हुए लोगों से अपील की गई है कि जनगणना अधिकारियों का सहयोग करें। मांगी जाने वाली जानकारी दें। बता दें कि यह चरण जनगणना प्रक्रिया का अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है, जिसके माध्यम से प्रत्येक आवासीय एवं गैर-आवासीय भवन, मकान की स्थिति, उपयोग एवं उपलब्ध सुविधाओं से संबंधित विस्तृत जानकारी एकत्रित की जाएगी।

## पहले चरण में 30 मई तक जुटाई जाएगी जानकारी



### स्व गणना का भी है विकल्प

डिजिटल इंडिया के अंतर्गत इस बार आम जनता की सुविधा के लिए स्व-गणना का विकल्प भी उपलब्ध कराया गया है। लोग ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से स्वयं अपने परिवार एवं मकान से संबंधित जानकारी दर्ज कर सकते हैं। स्व-गणना करने वाले परिवारों को एक स्व-गणना आईडी प्रदान की जाएगी, जिसे सुरक्षित रखना आवश्यक होगा तथा प्रगणक के आने पर प्रगणकों को देना होगा। आपके द्वारा भरी जानकारी की पुष्टि के बाद प्रगणक उसे समिट कर देगा। प्रगणक की जिम्मेदारी होगी कि वह प्रत्येक मकान की संख्या, स्थिति एवं प्रकार, मकान का उपयोग, आवासीय, व्यावसायिक निर्माण की प्रकृति कच्चा, पक्का, अर्ध पक्का, परिवारों की संख्या एवं उनके आवासीय विवरण, उपलब्ध बुनियादी सुविधाओं की भी जानकारी देनी अपलोड करेगा।



### जनगणना के दौरान दी गई जानकारी रखी जाएगी गोपनीय

अधिकारियों ने बताया कि जनगणना के दौरान दी गई जानकारी पूरी तरह से गोपनीय रखी जाएगी। इस जानकारी का उपयोग केवल सांख्यिकीय उद्देश्यों एवं नीतिगत निर्णयों के लिए किया जाएगा। किसी भी व्यक्ति विशेष की जानकारी को सार्वजनिक नहीं किया जाएगा। जनगणना कार्य में सक्रिय सहयोग प्रदान करें। निर्धारित समयावधि में स्व-गणना का लाभ उठाएं। केवल अधिकृत गणनाकर्मियों को ही जानकारी प्रदान करें। सटीक एवं सत्य जानकारी देना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। जिला, राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर नियंत्रण कक्ष स्थापित किए जाएंगे। वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा नियमित निरीक्षण किया जाएगा। शिकायत निवारण हेतु हेल्पलाइन, ऑनलाइन प्रणाली उपलब्ध होगी।

### पूछेंगे निर्धारित और जरूरी जानकारियां

प्रगणक अपनी आईडी और पहचान पत्र के साथ हर घर पहुंचेगा। वह पेयजल की उपलब्धता, शौचालय की सुविधा, विद्युत कनेक्शन, रसोई गैस, ईंधन का प्रकार, इंटरनेट, संचार सुविधाएं यह जानकारी देश की सामाजिक-आर्थिक योजनाओं, शहरी एवं ग्रामीण विकास, आवास योजनाओं, जल एवं स्वच्छता कार्यक्रमों तथा बुनियादी ढांचे के विकास हेतु अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी। प्रगणक निर्धारित अवधि के दौरान प्रत्येक घर पर जाकर जानकारी एकत्रित करेंगे। प्रगणक अधिकृत पहचान पत्र के साथ जाएंगे, जिसकी पुष्टि नागरिकों द्वारा की जा सकती है। नागरिकों से अनुरोध है कि वे प्रगणको को सही एवं पूर्ण जानकारी प्रदान करें। स्व-गणना कर चुके परिवारों को अपनी आईडी के बारे में प्रगणक को जानकारी देनी होगी।

## जनसमस्या निवारण शिविर में पहुंचे 88 आवेदन, मौके पर ही 6 मामलों का निराकरण



हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

सुशासन तिहार के तहत नगर पालिका क्षेत्र जामुल के हाई स्कूल परिसर में जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित किया गया। शिविर में वार्ड क्रमांक 1, 2, 3, 4 और 6 के नागरिकों से मांग और शिकायत संबंधी आवेदन प्राप्त किए गए। प्रशासन को कुल 88 आवेदन मिले, जिनमें 64 मांग और 24 शिकायत से जुड़े थे। इनमें से 6 आवेदनों का तत्काल निराकरण किया गया, जबकि शेष प्रकरणों को विभागवार परीक्षण कर जल्द कार्रवाई के लिए संबंधित विभागों को भेजा गया है।

■ जामुल के हाई स्कूल परिसर में हुआ आयोजन

शिविर में स्वास्थ्य विभाग ने 74 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। आरटीओ विभाग ने 50 लोगों को लर्निंग लाइसेंस जारी किए। वहीं 20 आवेदनों का आधार अपडेट किया गया। इसके अलावा 3 लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाए गए। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 2 हितग्राहियों को भवन अनुज्ञा भी प्रदान की गई। महिला और बाल विकास विभाग द्वारा गर्भवती महिलाओं की गोदभराई की रस्म भी कराई गई। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर, अनुविभागीय अधिकारी महेश सिंह राजपूत, मुख्य नगर पालिका अधिकारी एमकांत साहू, नायब तहसीलदार कुंदन शर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक मौजूद थे।

# बारिश से पहले शहर के नालों और बड़ी नालियों की सफाई शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

शहर के 60 वार्डों में बारिश से पहले बड़ी नालियों और नालों की सफाई का कार्य शुरू कर दिया गया है। इसके लिए पार्षदों ने सुझाव भी मांगे गए हैं। सफाई कार्य का लोककर्म प्रभारी देवनारायण चन्द्राकर ने निरीथक्षण किया। महापौर अलका बाघमार के बारिश से पहले नालों और नालियों की तले तक सफाई के निर्देश दिए हैं। इसके बाद यह कवायद शुरू की गई है। इसी क्रम में लोककर्म प्रभारी देवनारायण चन्द्राकर ने स्थानीय पार्षदों और अधिकारियों के साथ जेल तिराहा के बाजू से मालवीय नगर जाने वाले मुख्य नाले का निरीक्षण किया। इस दौरान पार्षद संजय अग्रवाल, स्वास्थ्य अधिकारी दुर्गेश गुप्ता, उप अभियंता करण यादव, गुडडू यादव, रामलाल भट्ट सहित अन्य मौजूद थे। निरीक्षण के दौरान नाले की सफाई व्यवस्था, जल निकासी की स्थिति तथा बरसात के समय पानी के बहाव को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। देवनारायण चन्द्राकर ने बताया कि वार्ड 29, 40 एवं 45 के कई क्षेत्रों में प्रत्येक वर्ष बारिश के दौरान जलभराव की स्थिति निर्मित होती रही है, जिससे नागरिकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसी समस्या के स्थायी निदान के लिए पूर्व तैयारी के तहत निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।



### जेसीबी की मदद से कराई जा रही नालों की सफाई

बता दें कि जेसीबी से कराई गई नालों की विशेष सफाई जमा मलमा हटाकर जल निकासी व्यवस्था बनाई जा रही है। जहां-जहां भारी मात्रा में मलमा एवं गाद जमा था, वहां खुदाई कर उसे बाहर निकलवाया गया, ताकि पानी का बहाव बाधित न हो। चंद्राकर ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि वर्षा प्रारंभ होने से पहले सभी प्रमुख नालों एवं जल निकासी मार्गों की सफाई पूर्ण कर ली जाए, जिससे नागरिकों को जलभराव एवं आवागमन की समस्या का सामना न करना पड़े। निरीक्षण के दौरान गौरव पथ क्षेत्र में हर वर्ष होने वाली जलभराव की समस्या पर भी विशेष रूप से चर्चा की गई।

### जलभराव वाले क्षेत्रों को लक्ष्य बनाकर किया जा रहा काम

निगम प्रशासन शहरवासियों को राहत प्रदान करने के लिए लगातार मैदानी स्तर पर कार्य कर रहा है और जहां भी जलभराव की संभावना है, वहां पूर्व तैयारी सुनिश्चित की जा रही है। नागरिकों को राहत देना निगम की प्राथमिकता बारिश पूर्व सभी संवेदनशील क्षेत्रों का निरीक्षण किया जा रहा है। विशेष रूप से जलभराव वाले क्षेत्रों का निरीक्षण किया जा रहा है, उन जगहों पर समाधान तलाशा जा रहा है। देव नारायण चन्द्राकर ने कहा कि नगर निगम का उद्देश्य शहरवासियों को स्वच्छ एवं सुगम वातावरण उपलब्ध कराना है। बारिश के दौरान जलभराव की समस्या से बचाव के लिए सभी संवेदनशील क्षेत्रों का निरीक्षण कर आवश्यक कार्य प्राथमिकता से कराए जाएंगे।

# रोजगार दिवस पर गूंजा मजदूरी भुगतान का मुद्दा




**उतई।** प्रत्येक माह की 7 तारीख को आयोजित होने वाले 'रोजगार दिवस' के दौरान मनरेगा श्रमिकों की समस्याएं प्रमुख रूप से सामने आईं। निरीक्षण के दौरान बड़ी संख्या में श्रमिकों ने जनपद सदस्य ढालेश साहू के समक्ष मजदूरी भुगतान में हो रही देरी को लेकर गहरी नाराजगी व्यक्त की।

श्रमिकों ने बताया कि भीषण गर्मी में लगातार कार्य करने के बावजूद उन्हें निर्धारित समय सीमा में मजदूरी राशि प्राप्त नहीं हो पा रही है। भुगतान में देरी के कारण परिवारों के समक्ष आर्थिक संकट की स्थिति निर्मित हो रही है। ग्रामीणों ने शासन के नियमानुसार 15 दिनों के भीतर मजदूरी राशि सीधे बैंक खातों में जमा कराने की मांग की।जनपद सदस्य ढालेश साहू ने श्रमिकों की मांगों का समर्थन करते हुए कहा कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के तहत श्रमिकों को समय सीमा में मजदूरी भुगतान करना शासन की कानूनी जिम्मेदारी है। मनरेगा अधिनियम, 2005 के प्रावधानों के अनुसार कार्य पूर्ण होने के 15 दिनों के भीतर मजदूरी भुगतान किया जाना अनिवार्य है। निर्धारित समय सीमा में भुगतान नहीं होना श्रमिकों के अधिकारों का उल्लंघन है तथा इससे शासन की योजनाओं के प्रति ग्रामीणों का विश्वास प्रभावित होता है। उन्होंने लंबित मस्टर रोल एवं एफटीओ की स्थिति की समीक्षा कर भुगतान प्रक्रिया में तेजी लाने की मांग की। साथ ही प्रशासन से तकनीकी समस्याओं के स्थायी समाधान की आवश्यकता बताते हुए कहा कि भविष्य में श्रमिकों को इस प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े, इसके लिए जवाबदेही तय की जानी चाहिए।

### ओमेश्वर बने जिला संयोजक, कार्यकर्ताओं में हर्ष



**अंडा।** सरपंच संघ अध्यक्ष ओमेश्वर राजू यादव को भाजपा द्वारा जिला संयोजक पंचायत प्रकोष्ठ नियुक्त किया गया है। इस नियुक्ति पर जिला अध्यक्ष एवं विधायक दुर्ग ग्रामीण सुरेंद्र कौशिक , विधायक ललित चंद्राकर और मंडल अध्यक्ष हेमंत सिन्हा सहित पार्टी पदाधिकारियों ने शुभकामनाएं दीं। जिला पंचायत अध्यक्ष सरस्वती बंजारे, जपं. अध्यक्ष कुलेश्वरी देवांगन, जिपं. उपाध्यक्ष पवन शर्मा आदि ने खुशी जताई है।




## बिजनेस साइट

### ओम ज्वेलर्स मे आकर्षक उपहार एवं डिस्काउंट

**दुर्ग।** दुर्ग ओम ज्वैलर्स शहर के हृदय स्थल में स्थित इंदिरा मार्केट दुर्ग शॉप नंबर 64 b प्रिया सिंगर सदन के सामने ओम ज्वैलर्स अपने भाव शोरूम के लिए जाना माना है। जहां आपको अनगिनत डिजाइन देखने को मिलता है। श्री सोनी ने बताया सोने की बढ़ती हुई महंगाई को देखते हुए मासिक ई योजना चालू किए हैं जिसमें 1000 से लेकर आपके बजट तक हर महीना का किस्त जमा कर सकते हैं। 12 महीने की रेगुलर किस्त जमा होने पर आपको एक महीने की किस्त ज्वेलर्स के द्वारा दी जाती है। सोनी ने बताया कि पैसा लाने ले जाने का जोखिम को देखते हुए घर पहुंच सेवा उपलब्ध किया गया है जिसमें अपनी पसंद की डिजाइन को खरीद कर पेमेंट आप घर से भी कर सकते हैं। इसके अलावा टोटल ऑनलाइन, चेक, एटीएम, डेबिट कार्ड एक्सेप्ट किया जाता है। सोनी ने बताया कि पुराने गहने को बिल्कुल नया बनाये वो भी बिना वजन घटे। ज्वेलरी की रिपेयरिंग की तत्काल सुविधा उपलब्ध है आगे दिवाली, त्यौहार सीजन को देखते हुए नई-नई डिजाइनों की विस्तार रेंज उपलब्ध है जिसमें ग्राहक अपने मनपसंद डिजाइन बुकिंग कर पसंद की जेवर शुभ मुहूर्त पर ले जाएं। ओम ज्वेलर्स के संचालक ने बताया कि हमारे यहां टोटल 916 (22 कैरेट)833 (20कैरेट )एवं 750(18कैरेट) के टोटल हॉलमार्क गहने उपलब्ध है। जिसमें भारत सरकार के द्वारा 6 अंकों का डिजिट कोड एच यू आईडी अंकित किया मिलेगा पूरे शहर में सबसे कम दाम पर उपलब्ध हैं जिसमें 0% चांदी की मेकिंग चार्ज एवं सोने पर जितना सोना उतना चांदी फ्री एवं न्यूनतम मजदूरी दर के साथ ग्राहकों को उपलब्ध किया जाता है। शादी के गहने की खरीदी पर दूल्हा एवं दुल्हन को स्पेशल टूरिस्ट बैग, इंपॉर्टेंट वॉच, जीतना सोना उतना चांदी फ्री ओम ज्वेलर्स की तरफ से प्रदान किया जाता है। हमारी शॉप में हमेशा ग्राहकों का अच्छी भीड़ रहती है। नए-नए डिजाइनों का हमेशा कलेक्शन उपलब्ध रहती है इसलिए आपको हमेशा लेटेस्ट फ्रेश डिजाइन व नई वैरायटी उपलब्ध रहती है। आप एक बार शॉप अवश्य पधारे।




### जामुल में बिछाई गई नई पाइप लाइन, पानी की समस्या होगी दूर



**भिलाई।** नगर पालिका परिषद जामुल में पेयजल की समस्या लंबे समय से है। इसको दूर करने के लिए जामुल से गुजरने वाले तांदुला मुख्य नहर में 25 एचपी का मोटर लगाकर जामुल के फिल्टर प्लांट से सीधा जोड़ा गया है। नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर ने बताया कि पानी सीधे फिल्टर प्लांट में जाने से नलों के धार में तेजी आएगी। पूरे जामुल की जनता को पर्याप्त पानी मिलेगा। उन्होंने बताया कि जामुल की आबादी बहुत बढ़ गई है। जहां पाईप लाइन नहीं पहुंची या लो प्रशर की समस्या है, वहां टैंकरों से आपूर्ति की जाएगी।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, सोमवार 11 मई 2026



हरिभूमि सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026
सामान्य कूपन
11 मई 2026
कूपन नं. 1

## अधंड़ और बारिश के चलते तापमान गिरा, पारा 39.5 डिग्री सेल्सियस


### आज भी तेज हवा चलने के साथ हल्की बारिश की संभावना, आने वाले दिनों में फिर से बढ़ेगी गर्मी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

रविवार को मौसम साफ रहा। सुबह से तेज धूप निकली और शाम तक रही। अंधड़ की स्थिति हल्की सी बनी लेकिन चली नहीं। पिछले चार दिनों से मौसम के परिवर्तन की वजह से पारा गिरा है। दुर्ग जिले का अधिकतम तापमान 39.5 डिग्री सेल्सियस रहा जो सामान्य से 2.3 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा है। न्यूनतम तापमान 23.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो सामान्य से 4.4 डिग्री सेल्सियस नीचे रहा। मौसम विभाग ने सोमवार को भी अंधड़ और हल्की बारिश की संभावना जताई है। वहीं लोगों को उमसभरी गर्मी का सामना करना पड़ रहा है।

#### पश्चिमी विक्षोभ का है प्रभाव

मौसम विभाग के मुताबिक एक पश्चिमी विक्षोभ 56 डिग्री पूर्व और 32 डिग्री उत्तर में स्थित है। एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण मध्य प्रदेश के मध्य भाग के दक्षिण हिस्से में 1.5 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक द्रोणिका राजस्थान से गंगेटिक पश्चिम बंगाल तक छत्तीसगढ़ होते हुए 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक द्रोणिका मध्य और ऊपर वायुमंडल में 7.6 किलोमीटर ऊंचाई पर उत्तर पूर्व बिहार से तटीय आंध्र प्रदेश के मध्य भाग तक छत्तीसगढ़ होते हुए स्थित है।



#### मन्नार की खाड़ी पर चक्रवाती परिसंचरण

मौसम विभाग के मुताबकि एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण मन्नार की खाड़ी और उससे लगे श्रीलंका के ऊपर 5.8 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। इसके प्रभाव से एक निम्न दाब का क्षेत्र दक्षिण पश्चिम बंगाल की खाड़ी के ऊपर अगले 48 घंटे में बनने की संभावना है। इसलिए अंधड़ व हल्की बारिश के हालात बनेंगे।

#### गरज-चमक के साथ हल्की बारिश की संभावना

मौसम विभाग के मुताबिक 11 मई को एक दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। प्रदेश के एक दो स्थानों पर गरज चमक के साथ अंधड़ चलने तथा वज्रपात होने की संभावना है। अधिकतम तापमान में वृद्धि का दौर प्रारंभ होने की संभावना है।

## खबर संक्षेप

### चलती ट्रेन में चढ़ने का प्रयास, बची जान

**भिलाई।** दुर्ग रेलवे स्टेशन पर उस वक्त हड़कंप मच गया। जब बरौनी-गोंदिया एक्सप्रेस में चढ़ने के दौरान एक यात्री का संतुलन बिगड़ गया। स्पीड़ पकड़ती ट्रेन और प्लेटफॉर्म के बीच के गैप में यात्री बुरी तरह फंस गया। जिससे उसकी जान पर बन आई थी। लेकिन मौजूद आरपीएफ के एएसआई निरंजन ने यात्री को देख तुरंत उसे बचा लिया। पलक झपकते ही यात्री को मौत के मुंह से बाहर निकाल लिया। इस खौफनाक मंजर को देख प्लेट फॉर्म दुर्ग में अफरा-तफरी मच गई थी। लेकिन जवान की सतर्कता से बड़ा हादसा टल गया। घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। उपचार के लिए यात्री को अस्पताल भेजा गया है।

### रेल-वन ऐप से यात्रियों को मिल रही है सुविधा

**भिलाई।** दुर्ग रेलवे स्टेशन में भी रेलवन ऐप के माध्यम से यात्री आरक्षित, अनारक्षित, प्लेटफॉर्म टिकटों की आसानी से बुकिंग कर सकते हैं। यात्रियों को पीएनआर स्टेटस, वेटिंग स्थिति, लाइव ट्रेन रनिंग स्टेटस, ट्रेन के आगमन, प्रस्थान समय, प्लेटफॉर्म, कोच पोजिशन जैसी महत्वपूर्ण जानकारियाँ भी रियल टाइम में मिल रहा है। रेलवन ऐप सुरक्षित, सुविधाजनक, तेज डिजिटल भुगतान सुविधा उपलब्ध कराता है। सुविधाजनक डिजिटल टिकटिंग सुविधा मिलने के कारण यात्रियों का समय और श्रम दोनों की बचत हो रही है। टिकट काउंटरों में भीड़ एवं लंबी कतारों से राहत मिल रही है। यह ऐप पारदर्शी एवं कैशलेस टिकटिंग व्यवस्था को बढ़ावा देने के साथ-साथ खुल्ले पैसे और फेक करेंसी जैसी समस्याओं से भी राहत प्रदान कर रही है।

### पांचवीं-आठवीं में फेल व पूरक के 2138 विद्यार्थियों की जून महीने में होगी दोबारा वार्षिक परीक्षा

## जनगणना की वजह से ग्रीष्मकालीन अवकाश में नहीं लग पा रही है फेल व पूरक की विशेष क्लास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

हरिभूमि लगातार

दुर्ग जिले में आयोजित केंद्रीयकृत पाचवीं-आठवीं बोर्ड परीक्षा में फेल और पूरक आने वाले विद्यार्थियों की दोबारा वार्षिक परीक्षा ली जाएगी।तीनों ब्लॉक के 2 हजार 138 विद्यार्थी वार्षिक परीक्षा देंगे। लोक शिक्षण संचालनालय के आदेश है कि फेल और जितने विषय में पूरक आए हैं ऐसे विद्यार्थियों को वार्षिक परीक्षा से पहले विशेष क्लास लगाकर उत्तीर्ण होने लायक बनाना है। लेकिन शिक्षक जनगणना में लगे हैं। 10 जून तक जनगणना कार्य चलेगा। मौजूदा स्थिति में ऐसे विद्यार्थियों की उपचारात्मक शिक्षण शुरू नहीं हो पा रही है। जिला शिक्षा विभाग इसलिए कार्ययोजना तैयार नहीं कर पा रहा है। विभाग इन बच्चों को अब 16 जून स्कूल खुलने के बाद ही उपचारात्मक शिक्षण हेतु तैयार कर सकेगा।



#### जिले के तीनों ब्लॉक में इतने विद्यार्थी हैं फेल व पूरक

दुर्ग जिले में आयोजित पांचवी-आठवीं केंद्रीयकृत बोर्ड परीक्षा में 2 हजार 138 विद्यार्थी पूरक व फेल हैं। पहली बार लोक शिक्षण संचालनालय ने आदेशित किया है कि एक शैक्षणिक सत्र में दो बार वार्षिक परीक्षा आयोजित की जाएगी। जिले में पांचवी में 89 और आठवीं में 314 विद्याथी अनुतीर्ण हो गए हैं। वहीं पांचवी में 772 और आठवीं में 1974 विद्यार्थियों को पूरक मिला है। पांचवी की परीक्षा में 45 और आठवीं की परीक्षा में 164 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। इन सभी विद्यार्थियों को दोबारा परीक्षा में बैठने का अवसर देना है।

#### तीनों ब्लॉक में इस तरह विद्यार्थी फेल व पूरक

तीनों ब्लॉक में 42 हजार 877 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी। जिसमें पाचवीं के 21 हजार 768 और आठवीं के 21 हजार 109 विद्यार्थी शामिल हैं। दुर्ग ब्लॉक में 946 विद्यार्थी फेल व पूरक आए हैं।जिसमें पाचवी के 402 और आठवीं के 544 विद्यार्थी शामिल हैं। पाटन ब्लॉक में 158 विद्यार्थी फेल व पूरक आए हैं। जिसमें पाचवीं के 29 और आठवीं के 129 विद्यार्थी शामिल हैं। धमधा ब्लॉक में 624 विद्यार्थी फेल व पूरक आए हैं। जिसमें पाचवी के 229 और आठवीं के 394 विद्यार्थी शामिल हैं।

#### अगली कक्षाओं में दाखिला देना है अनिवार्य

जिला शिक्षा विभाग के अधिकारियों के मुताबिक पाचवीं-आठवीं केंद्रीयकृत बोर्ड परीक्षा में भले ही विद्यार्थी फेल या पूरक की पात्रता पाई हो लेकिन उन्हे फेल नहीं करना है। इस नियम के चलते फेल व पूरक की पात्रता प्राप्त विद्यार्थियों को विशेष क्लास लेकर पढ़ाई करवानी है। यानी पास होने लायक इन विद्यार्थियों को बनाना है। बाल शिक्षा अधिकार के तहत दोनों क्लास के विद्यार्थियों को दोबारा परीक्षा लेने के बाद अगली कक्षाओं में प्रवेश दे दिया जाएगा।

#### जून में लगेगी संभावित विशेष क्लास

जिला शिक्षा विभाग के अधिकारियों के मुताबिक 16 जून को नया शैक्षणिक सत्र शुरू होने के बाद फेल व पूरक आने वाले विद्यार्थियों की विशेष क्लास शुरू होगी। जिसमें शिक्षक नियमित क्लास यानी पहले से लेकर पाचवीं तक और छठवी से लेकर आठवीं तक के विद्यार्थियों की पढ़ाई भी होगी। इसकी कक्षाएं खत्म होने के बाद विशेष क्लास भी शिक्षक लेंगे।शिक्षक केवल परीक्षा में आने वाले टॉपिक पर ही विशेष फोकस कर उपचारात्मक शिक्षण देगा।

#### जिले का यह रहा है रिजल्ट

पांचवी- आठवीं केंद्रीयकृत बोर्ड परीक्षा में दुर्ग जिले का रिजल्ट पांचवी का 96.45 प्रतिशत और आठवीं का 90.64 आया है लेकिन तीनों ब्लॉक में दुर्ग ब्लॉक के विद्यार्थी सबसे ज्यादा सफल हुए हैं। दुर्ग ब्लॉक से पाचवीं के 96.7 प्रतिशत और आठवीं के 95.39 प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। दूसरे नंबर पर पाटन ब्लॉक का परिणाम रहा है। पाटन ब्लॉक से पांचवीं के 96.09 प्रतिशत और आठवीं के 90 47 प्रतिशत वद्यिार्थी पास हुए। अंतिम पर धमधा ब्लॉक है। इस ब्लॉक का रिजल्ट पांचवी में 95 प्रतिशत और आठवीं में 91 प्रतिशत रहा। खास बात यह है कि इस रिजल्ट में निजी स्कूल के वद्यिार्थी भी शामिल किए गए हैं। इसलिए कि छत्तीसगढ़ स्कूल शिक्षा विभाग ने केंद्रीयकृत बोर्ड परीक्षा में पहली बार निजी स्कूलों को भी शामिल किया गया है।

#### अंकसूची संशोधन कार्य भी है प्रभावित

आठवीं और पांचवीं की परीक्षा परिणाम घोषित किए गए हैं लेकिन विद्यार्थियों को अंकसूची अभी नहीं मिली है। अंकसूची भी जिला शिक्षा विभाग ने तैयार करवा ली है लेकिन इसमें त्रुटियां हैं। विभाग के शिक्षक जनगणना कार्य में जुटे हुए हैं इसलिए त्रुटिरहित अंक सूची फाइनल नहीं हो पा रहा है।

#### स्कूल खुलने के बाद विशेष क्लास

जो भी विद्यार्थी केंद्रीयकृत बोर्ड परीक्षा में फेल या पूरक आए हैं। या फिर परीक्षा में बैठे ही नहीं ऐसे विद्यार्थियों की दोबारा वार्षिक परीक्षा ली जाएगी। वर्तमान में शिक्षक जनगणना कार्य में लगे हुए हैं। 16 जून को शैक्षणिक सत्र शुरू होगा उसके बाद ही विशेष क्लास लगाई जा सकेगी।

**-विनोद कुमार सिन्हा,**
डीएमसी सर्वशिक्षा

## एम्स में नौकरी दिलाने का झांसा देकर 14.50 लाख की ठगी आरोपी लखनऊ से गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

एम्स में नौकरी लगाने का झांसा देकर लाखों रुपए का ठगी करने वाले को पुलिस ने यूपी के लखनऊ से गिरफ्तार किया है।

एएसपी मणीशंकर चंद्र ने बताया कि वृंदा नगर कैम्प 1 मुकेश कोसरे ने वैशाली नगर पुलिस में मामले की शिकायत की थी। उसने बताया कि उसका कॉलेज फ्रेंड सेक्टर-6 सड़क-12, मकान नंबर 5 निवासी अभिषेक जयसवाल उसका बड़े अधिकारियों से संबंध होने का झांसा देकर रायपुर एम्स में स्टाफ नर्स के पद पर नौकरी लगाने दावा किया। इसके लिए उसने 14.50 लाख रुपए लिए। अभिषेक ने सितम्बर 2021 से 16 अक्टूबर 2022 के मध्य अपने एसबीआई खाते में अलग-अलग किस्तों में रकम लिया। इसके बाद मुकेश ने उससे ज्वाइनिंग लेटर मांगा तो वो नहीं दे पाया। पैसा वापस करने की बात पर वो टालमटोल करने लगा। उसके बाद आरोपी निवास स्थान से फरार हो गया। पीड़ित की नौकरी भी नहीं लग पाई। मुकेश जब परेशान हो गया तो उसने मामले की शिकायत थाने में की। पुलिस की टीम ने लखनऊ जाकर अभिषेक को गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसने घटना को अंजाम देना स्वीकार किया। आरोपी के पास से पुलिस ने दस्तावेज, तकनीकी साक्ष्य जब्त किए हैं।

- वैशाली नगर थाना क्षेत्र की घटना
- फरार चल रहे आरोपी को साइबर तकनीकी से पकड़ा

सस्ता सस्ता सस्ता
न्यु ओम ज्वेलर्स
शादी ब्याह में दुल्हनों के लिए एक से एक सुंदर वेरायटी के गहने उपलब्ध
जितने ग्राम सोना लेने पर उतने ही ग्राम की चांदी बिल्कुल फ्री
ओम ज्वेलर्स
916 (22K), 833 (20K), 75 (18K) हॉलमार्क के गहने
अब बिल्कुल सस्ते दामों पर उपलब्ध
आज ही पधारें
सर्टिफाइड राशि रत्न उपलब्ध है
★ 100% गारंटी सोना, चांदी, हीरा
★ टोटल हाल मार्क जेवर
★ स्पेशल पर्स, बैग फ्री
★ रिपेयरिंग फ्री
शॉप नं. 64 बी इंदिरा मार्केट, दुर्ग

## नो पार्किंग में वाहन, ठेला चलाने वालों पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



नो पर्किंग में वाहन और ठेला लगाने वालो पर लगाम लगाने के लिए ट्रैफिक पुलिस ने विशेष अभियान चलाया है। इस अभियान का उद्देश्य सड़क पर अव्यवस्थित पार्किंग और अतक्रिमण के कारण उत्पन्न होने वाली जाम, हादसों की समस्या पर लगाम लगाना है। इसके तहत सुपेला संडे मार्केट क्षेत्र में विशेष ट्रैफिक व्यवस्था अभियान चलाया गया। सड़क पर अव्यवस्थित रूप से ठेला दुकान लगाने वाले संचालकों को सड़क खाली कराकर रोड किनारे स्थान पर व्यवसाय करने को कहा गया है। इंदिरा मार्केट एवं सिविक सेंटर क्षेत्र में सफेद लाइन के बाहर वाहन खड़ा कर ट्रैफिक बाधित करने वाले कुल 58 दोपहिया, चार पहिया वाहन चालकों पर नो पार्किंग धाराओं के तहत ई-चालान कार्रवाई की गई। वर्ष 2026 में अब तक कुल 2529 वाहन चालकों पर नो पार्किंग की कार्रवाई हो चुकी है। उक्त कार्रवाई में ट्रैफिक पुलिस दुर्ग के अधिकारी, ट्रैफिक ड्यूटी में तैनात जवानों की सक्रिय भूमिका रही है।

- ट्रैफिक पुलिस का विशेष अभियान जारी

## शराब बेचने वाले को पुलिस ने किया गिरफ्तार

### आरोपी के पास 30 पौवा अंग्रेजी गोवा शराब जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

अवैध शराब बेचने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने सिरसाकला नहर भिलाई तीन पुलिया के पास पिट्ठु बैग में अवैध रूप से शराब रखकर बेचने वाले को पकड़ा गया है। पूछताछ करने पर युवक ने अपना नाम बाजार चौक देवबलौदा निवासी नरेश कुमार रात्रे बताया। आरोपी के कब्जे से 30 पौवा अंग्रेजी गोवा शराब कुल 5.40 बल्क लीटर जब्त किया गया। जिसकी कीमत 3,000 रुपये आंकी गई है। आरोपी के पास शराब रखने एवं बेचने को लेकर वैद्य दस्तावेज,लाइसेंस नहीं मिला। पकड़कर युवक को न्यायालय भेजा गया।



### 31 पाव देशी मसाला के साथ आरोपी गिरफ्तार



**भिलाई।** अवैध शराब बेचने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। घटना ग्राम अछोटी की है। अंडा पुलिस ने बताया कि भाठापारा, ग्राम अछोटी निवासी भाठापारा, ग्राम अछोटी निवासी पूनाराम देशमुख को पकड़ा गया। उसके पास से पुलिस ने 31 पौवा देशी मसाला शराब, शराब 5.58 बल्क लीटर जब्त किया गया। जिसकी कीमत 3100 रुपए आंकी गई है।

### लोगों ने विधायक कोर्सेवाड़ा को ज्ञापन सौंप लगाई गुहार

## रेलवे के नोटिस से 50 परिवारों पर बेघर होने का संकट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई-चरोदा क्षेत्र के वार्ड 27 इंदिरा पारा, जोन-1 रेलवे क्षेत्र में रहने वाले करीब 50 परिवारों के सामने अब बेघर होने का संकट खड़ा हो गया है। रेलवे प्रशासन द्वारा इन परिवारों को नोटिस जारी कर 15 दिनों के भीतर रेलवे भूमि से अवैध कब्जा और निर्माण हटाकर जगह खाली करने का निर्देश दिया गया है। नोटिस मिलने के बाद प्रभावित परिवारों में चिंता का माहौल है। लोगो ने विधायक कोर्सेवाड़ा को ज्ञापन सौंप पीएम आवास योजना के तहत पुनर्वास की मांग की है। नोटिस के बाद प्रभावित परिवारों ने भाजपा चरोदा मंडल अध्यक्ष गौरी शंकर, मंडल महामंत्री एवं छाया पार्षद वेद प्रकाश पाण्डेय से संपर्क कर अपनी समस्या बताई। परिवारों ने मांग की कि उनके मामले में उच्च अधिकारियों से चर्चा कर राहत दिलाई जाए। रविवार को भाजपा मंडल अध्यक्ष और छाया पार्षद के नेतृत्व में बड़ी संख्या में प्रभावित परिवार अहिवारा विधायक डोमनलाल कोर्सेवाडा के भिलाई-3 स्थित निवास पहुंचे। यहां परिवारों ने विधायक को अपनी समस्या बताते हुए कहा कि अचानक नोटिस मिलने से उनके सामने रहने का गंभीर संकट खड़ा हो गया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए विधायक डोमनलाल कोर्सेवाडा ने तत्काल दुर्ग कलेक्टर अभिजीत सिंह से फोन पर चर्चा की। विधायक ने कलेक्टर से आग्रह किया कि नोटिस को निरस्त कराया जाए अथवा 15 दिनों की समय सीमा को आगे बढ़ाया जाए, ताकि प्रभावित परिवारों को वैकल्पिक व्यवस्था करने के लिए पर्याप्त समय मिल सके। इस दौरान पीड़ित परिवारों ने पुनर्वास की मांग भी उठाई। परिवारों का कहना था कि यदि उन्हें हटाया जाता है तो प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत उरला क्षेत्र में आवास उपलब्ध कराया जाए, जिससे उनके परिवारों को रहने की स्थायी व्यवस्था मिल सके। विधायक निवास में हुई इस मुलाकात के दौरान विधायक प्रतिनिधि सतीश साहू, वार्ड पार्षद एवं एमआईसी सदस्य एम. जॉनी, पार्षद चंद्र प्रकाश पाण्डेय सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक और प्रभावित परिवार मौजूद थे।



#### जल शोधन संयंत्र का होगा निर्माण पहले भी दी जा चुकी है लोगों को नोटिस

रेलवे के वरिष्ठ अनुभाग अभियंता/कार्य, बीएमवाय चरोदा की ओर से जारी नोटिस में कहा गया है कि संबंधित परिवारों ने रेलवे की भूमि पर बिना अनुमति अवैध रूप से कब्जा कर निर्माण किया है। नोटिस में यह भी उल्लेख किया गया है कि इससे पहले भी कब्जा हटाने के लिए चेतावनी दी जा चुकी है, लेकिन अब तक कब्जा नहीं हटाया गया। ऐसे में अंतिम अवसर देते हुए 15 दिवस के भीतर भूमि खाली करने को कहा गया है। रेलवे प्रशासन ने साफ किया है कि उक्त भूमि पर जल शोधन संयंत्र का निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाना प्रस्तावित है। यदि तय समय सीमा के भीतर कब्जा नहीं हटाया गया तो रेलवे प्रशासन नियमानुसार प्रशासनिक और विधिक कार्रवाई करते हुए अवैध निर्माण को हटाएगा। साथ ही कार्रवाई के दौरान होने वाली किसी भी प्रकार की क्षति या नुकसान की जिम्मेदारी संबंधित कब्जाधारियों की स्वयं की होगी।

अग्रसेन धाम
SENIOR LIVING HOME
A PREMIUM OLD AGE HOME
1 मई 2026 से रजिस्ट्रेशन प्रारंभ
छत्तीसगढ़ राज्य का प्रथम प्रीमियम सीनियर लिविंग कम्युनिटी
12.5 एकड़ भूमि में निर्मित 100 सर्व सुविधायुक्त AC कमरों सहित एक लाख वर्ग फीट भवन
सभी धर्म/समुदाय के लोगों के लिए उपलब्ध
उपलब्ध सुविधाएं
• योगा कक्ष • गार्डन • लाइब्रेरी • पूजा घर • डेयरी फॉर्म • शुद्ध सात्विक भोजन • जिम • स्विमिंग पूल • साइकिलिंग ट्रैक • लिफ्ट • जनरेटर (50KW) • इनडोर एवं आउटडोर गेम • Wi Fi कैंपस • डॉक्टर/नर्स (24 Hrs) • एम्बुलेंस / टैक्सी (24x7 on Call)
राजेन्द्र कुमार अग्रवाल (संचालक)
चेयरमैन, अग्रसेन ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस
मो. 89595 44444
स्थान- ग्राम - डंगनिया, तह.- गुण्डरदेही, (दुर्ग - बालोद मेन रोड़) (दुर्ग से 17KM) जिला - बालोद (छ.ग.)

# हरिभूमि लाइव

रायपुर, सोमवार 11 मई 2026

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

0788- 4091720, Message at 7747020002, 9755819129




**लाइव इवेंट**

## रेलवे स्टेशन पर सैकड़ों लोगों को मिली राहत, छाछ, पानी, बिस्कुट का किया वितरण



**भिलाई।** भीषण गर्मी में मानव सेवा और परोपकार की मिसाल पेश करते हुए आर्य समाज सेक्टर-6 भिलाई ने आचार्य डॉ. अजय आर्य के नेतृत्व में जलदान सेवा अभियान का पांचवां चरण संपन्न किया। रेलवे स्टेशन सहित सार्वजनिक स्थलों पर यात्रियों, श्रमिकों और जरूरतमंदों को ठंडा पानी, छाछ, बिस्किट, नमकीन एवं फलाहार वितरित कर समाजसेवा का संदेश दिया गया।ॉ भिलाई में बढ़ती गर्मी के बीच आर्य समाज सेक्टर-6 द्वारा संचालित जल दान सेवा कार्य निरंतर जनसेवा का माध्यम बनता जा रहा है। पांचवें चरण के तहत रेलवे स्टेशन एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों पर सैकड़ों जरूरतमंदों, राहगीरों, श्रमिकों और यात्रियों को ठंडा पानी, मदर डेयरी की छाछ, बिस्किट, नमकीन और फलाहारी सामग्री वितरित की गई।यह सेवा कार्य स्वर्गीय जी.एस. ठाकुर की स्मृति को समर्पित रहा। उनके परिजनों एवं सहयोगकर्ताओन राजीव, समीर, हर्ष, अरुण, हिमांशु और निकुंज ने आर्थिक सहयोग प्रदान कर इस जनहितकारी अभियान को मजबूती दी। परिवारजनों ने पूर्वजों की स्मृति में सेवा कार्य को सच्ची श्रद्धांजलि बताया। कार्यक्रम के दौरान आचार्य डॉ. अजय आर्य ने कहा कि भारतीय संस्कृति में सेवा, परोपकार और समाज कल्याण सर्वोच्च धर्म हैं। उन्होंने कहा कि जलदान, अन्नदान और जरूरतमंदों की सहायता जैसे कार्य केवल सामाजिक उत्तरदायित्व नहीं, बल्कि आत्मिक संतोष का माध्यम भी हैं। उन्होंने युवाओं से समाजहित में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील करते हुए कहा कि व्यक्तिगत उन्नति के साथ सामाजिक जिम्मेदारी भी आवश्यक है। तुषार आर्य ने कहा कि सेवा केवल संसाधनों से नहीं, बल्कि संवेदनशीलता और सकारात्मक सोच से सफल होती है। गर्मी के मौसम में प्यासे और जरूरतमंद लोगों तक राहत पहुंचाना मानवता की सच्ची सेवा है।

कार्यक्रम में हेमा सक्सेना, ऋचा श्रीवास्तव, तुषार आर्य सहित अनेक कार्यकर्ताओं ने योगदान दिया। आचार्य चंद्रशेखर शास्त्री ने सेवा को पुण्य कार्य बताते हुए कहा कि सेवा करने वाले व्यक्ति समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं।आर्य समाज सेक्टर-6 भिलाई का यह अभियान न केवल राहत पहुंचा रहा है, बल्कि समाज में सहयोग, संवेदना और मानवता की भावना को भी सशक्त बना रहा है।



**लाइव इवेंट**

## 7 जून को सजेगा रोटरी सेवा, सम्मान और संस्कृति का मंच

**भिलाई।** रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3261 के अंतर्गत वर्षभर किए गए सेवा कार्यों की उपलब्धियों को सम्मानित करने के लिए 7 जून को आभार मित्रों का कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस समारोह में सेवा, समर्पण, मित्रता और सांस्कृतिक एकता का समावेश दिखाई देगा। जिसमें मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और उड़ीसा के 100 से अधिक रोटरी क्लबों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। आयोजन में शिक्षा, स्वास्थ्य, जल संरक्षण, पर्यावरण, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, सामुदायिक विकास तथा पब्लिक इमेज जैसे रोटरी के सात प्रमुख क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले क्लबों और पदाधिकारियों को सम्मानित किया जाएगा।

इस अवसर पर तीन राज्यों की सांस्कृतिक विविधता की झलक भी देखने को मिलेगी।जिसमें मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ एवं उड़ीसा सहित तीन राज्यों के रोटरी क्लब अध्यक्ष, सचिव एवं डिस्ट्रिक्ट पदाधिकारी एक मंच पर एकत्र होंगे। आयोजन में सेवा और सम्मान के साथ तीनों राज्यों की समृद्ध संस्कृति की झलक भी गीत-संगीत एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से देखने को मिलेगी। डिस्ट्रिक्ट मीडिया चेयरमैन रोटे नितिन जैन और रोटे पंकज माहेश्वरी के अनुसार, डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटे अमित जायसवाल एवं पल्लवी जायसवाल के नेतृत्व में वर्ष 2025-26 के दौरान शिक्षा, स्वास्थ्य, जल संरक्षण और पर्यावरण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य हुए हैं। कार्यक्रम की तैयारियों में डिस्ट्रिक्ट सेक्रेटरी सोमनाथ अग्रवाल, अजित खंडेलवाल और सुशील रामदास अग्रवाल सहित अवॉर्ड टीम उत्कृष्ट कार्य करने वाले क्लबों और पदाधिकारियों के चयन को अंतिम रूप दे रही है। यह आयोजन रोटरी परिवार की उपलब्धियों के सम्मान के साथ नए संकल्पों का भी उत्सव बनेगा।

### अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस पर समारोह कल

**भिलाई** समभाव सामाजिक सेवा समिति भिलाई के तत्वावधान में 12 मई को अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस समारोह का आयोजन भिलाई निवास इंडियन कॉफी हाउस के सभागार में शाम 6.30 बजे से किया गया है। कार्यक्रम मे भिलाई अंचल के चिकित्सा से संबंधित 13 कर्मियों नर्सेस का सम्मान किया जाएगा। मुख्य अतिथि डॉ. रोजा प्रिंसी प्रिंसिपल पीजी कॉलेज ऑफ नर्सिंग भिलाई होंगी। अध्यक्षता डॉ. डेजी अब्राहम वाईस प्रिंसिपल करेंगे। यह जानकारी समिति के अध्यक्ष पीके सिंह और सरंक्षक बिमान भट्टाचार्य ने दी है।

● हरिभूमि फिल्मोत्सव में रविवार को उमड़े दर्शक, स्कूली बच्चे बड़ी सख्या में हुए शामिल

# राजा शिवाजी का शौर्य को देखकर उत्साहित हुए दर्शक और अतिथि, जताया हरिभूमि का आभार

**भीषण गर्मी के दौर में सिनेमाहॉल में बैठकर फिल्म देखने के रोमांच का रविवार को दर्शकों ने खूब आनंद उठाया। इस रविवार हरिभूमि फिल्मोत्सव में चंद्रा-मौर्या टॉकीज में रितेश देशमुख द्वारा निर्देशित और अभिनीत भव्य ऐतिहासिक एक्शन-ड्रामा फिल्म राजा शिवाजी का प्रदर्शन हुआ। इसे देखने के अतिथियों के साथ बड़ी संख्या में हर वर्ग के दर्शक पहुंचे थे। सभी ने फिल्म का पूरा आनंद उठाया।**

**भिलाई।** अतिथि के तौर पर जिला पंचायत दुर्ग की अध्यक्ष सरस्वती बंजारे, खादी ग्रामोद्योग बोर्ड के कैबिनेट मंत्री का दर्जा प्राप्त अध्यक्ष राकेश पांडेय और समाजसेवी बृजमोहन उपाध्याय मौजूद थे। वहीं गर्मी की छुट्टियों का आनंद उठाने बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे भी इस निःशुल्क फिल्म प्रदर्शन का आनंद लेने पहुंचे थे। दर्शकों और अतिथियों ने इस ऐतिहासिक फिल्म के प्रदर्शन के लिए दर्शकों का आभार जताया।

शुरूआत में अतिथियों के आगमन पर हरिभूमि परिवार की ओर से यूनिट हेड विजय मंडल, ब्यूरो चीफ डॉ. संदीप उपाध्याय, जाकिर हुसैन, संगीता मिश्रा, संजय पांडे, मार्केटिंग से कौशिक चटर्जी, राजीव पांडे, बलदाऊ पांडे, राजू डोरा, महेंद्र खरे, पिंकी और समस्त हरिभूमि स्टॉफ ने स्वागत किया। अतिथियों ने दर्शकों के साथ बैठकर फिल्म का आनंद लिया। जिला पंचायत दुर्ग की अध्यक्ष सरस्वती बंजारे ने इस मौके पर कहा कि ऐसी शिक्षाप्रद और देशभक्ति से परिपूर्ण फिल्म दिखा कर हरिभूमि ने बच्चों की छुट्टियों को सार्थक बना दिया। खादी ग्रामोद्योग बोर्ड के कैबिनेट मंत्री का दर्जा प्राप्त अध्यक्ष राकेश पांडेय ने कहा कि स्कूली छुट्टियों के माहौल में हरिभूमि की यह पहल निश्चित तौर पर सराहनीय है। ऐसी शिक्षाप्रद फिल्म देखकर बच्चों में देशभक्ति की भावना और सुदृढ़ होगी। समाजसेवी बृजमोहन उपाध्याय ने हरिभूमि का आभार जताते हुए कहा कि ऐसे आयोजन होते रहना चाहिए, जिससे दर्शकों को मनोरंजन के साथ-साथ शिक्षा भी मिले। इस दौरान बच्चे भी काभी उत्साहित दिखे। स्कूली बच्चों ने पिक्चर के हर एक सीन पर तालियां बजाई।







### शिवाजी का रूप धरे पहुंचा बालक रहा आकर्षण का केंद्र

हरिभूमि फिल्मोत्सव के दौरान रविवार को फिल्म राजा शिवाजी देखने बड़ी संख्या में स्कूल बच्चे भी पहुंचे थे। इन सबके बीच अग्रसेन पब्लिक स्कूल कोहका से क्लास 4 के स्टूडेंट शिवनाथ बरिहा ने अपना ध्यान दर्शक वर्ग के साथ-साथ अतिथियों की ओर भी खींचा। शिवनाथ बरिहा पूरी तरह शिवाजी के गेटअप में अपने समूह के साथ फिल्म देखने पहुंचे थे। शिवाजी के गेटअप में बालक को देखकर फोटो खिंचाने लोगों में होड़ लगी रही। सभी अतिथियों ने भी शिवनाथ के साथ फोटो खिंचवाई और खूब आशीर्वाद दिया।



### छात्रों और युवा पीढ़ी को मिली देशभक्ति की प्रेरणा

हरिभूमि फिल्मोत्सव में पहुंचे आचार्य डॉ.अजय आर्य ने कहा कि 'छत्रपति शिवाजी महाराज केवल एक राजा नहीं,बल्कि भारतीय संस्कृति,आत्मसम्मान और राष्ट्र चेतना के अमर प्रतीक हैं। यह फिल्म दर्शकों के भीतर स्वाभिमान और राष्ट्रप्रेम की भावना को जागृत करती है। सेवानिवृत शिक्षक पतिराम साहू ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन युवाओं को अपने देश और संस्कृति पर गर्व करना सिखाते हैं। शिक्षिका कामिनी साहू ने फिल्म की सराहना करते हुए कहा कि 'राजा शिवाजी फिल्म ने मन को अत्यंत भावुक और प्रेरित किया। इसी तरह खेदूराम साहू,दुलारी बाई साहू,कान्ति बाई साहू,केमन साहू,पियांश साहू,डॉ.श्रीराम देवांगन एवं पी.आर.साहू सहित ने एक स्वर में इस आयोजन को ज्ञानवर्धक, प्रेरणादायक एवं सामाजिक दृष्टि से अत्यंत उपयोगी बताया।

## गुब्बारे उड़ाकर समर कैंप का हुआ उद्घाटन, खिलाड़ियों ने खेलभावना और अनुशासन की ली शपथ

**भिलाई।** खुर्सीपार श्रीराम चौक ग्राउंड में रविवार को सुबह 7 बजे खुर्सीपार समर कैंप का विधिवत शुभारंभ खेल प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष सुमित सिंह द्वारा उत्साहपूर्ण वातावरण में किया गया। उद्घाटन समारोह में खुर्सीपार, छावनी, बैकुंठधाम, जवाहर नगर, सेक्टर-1 सहित विभिन्न क्षेत्रों से आए खिलाड़ियों ने भाग लेकर खेल और स्वास्थ्य के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दिखाई।

समर कैंप में क्रिकेट, योगा, कराते, बैडमिंटन, बॉक्सिंग और व्हॉलीबॉल जैसी विभिन्न खेल विधाओं के खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। खिलाड़ियों ने खेलभावना, अनुशासन और समर्पण की शपथ लेते हुए गुब्बारे उड़ाकर कार्यक्रम का औपचारिक उद्घाटन किया।

कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष सुमित सिंह ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए



कहा कि खेल न केवल शारीरिक विकास का माध्यम है, बल्कि अनुशासन, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता भी विकसित करता है। उन्होंने युवाओं को खेलों के माध्यम से स्वस्थ और सकारात्मक जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर गुड्डू खान, डी. कामराजू, अजहर अली, शंकर राव, माधव सहित प्रशिक्षक नीरज चौधरी, जितेंद्र, चंदन शर्मा, वी.पी. सिंह, विमल एवं बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन नाग ने किया। सुमित सिंह ने बताया कि समर कैंप का उद्देश्य क्षेत्रीय प्रतिभाओं को मंच प्रदान कर उन्हें खेलों के माध्यम से आगे बढ़ाना और नई पीढ़ी में स्वास्थ्य, अनुशासन एवं खेल संस्कृति को प्रोत्साहित करना है। यह आयोजन युवाओं के लिए प्रेरणा और खेल विकास की दिशा में महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।

## सीआरपीएफ कॉन्स्टेबल के लिए 19 मई तक भर सकेंगे आवेदन

**भिलाई।** सेंट्रल रिजर्व पुलिस फोर्स की ओर से कॉन्स्टेबल (टेक्निकल,ट्रेड्समैन, पायनियर-मेल,फीमेल) के बंपर पदों पर भर्ती के लिए नोटिफिकेशन जारी किया गया है। अधिसूचना के मुताबिक इस भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 20 अप्रैल को स्टार्ट हो चुका है, जो निर्धारित अंतिम तिथि 19 मई 2026 तक जारी रहेगी। जो भी अभ्यर्थी इस भर्ती के लिए पात्रता पूरी करते हैं वे इसमें शामिल होने के लिए ऑनलाइन माध्यम से सीआरपीएफ की ऑफिशियल वेबसाइट rect.crpf.gov.in पर जाकर फॉर्म भर सकेंगे। इस भर्ती में भाग लेने के लिए उम्मीदवार का मान्यता प्राप्त बोर्ड संस्था से मैट्रिकुलेशन (10वीं) उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। इसके साथ ही पद के अनुसार उम्मीदवार के पास संबंधित ट्रेड में अनुभव, आईटीआई सर्टिफिकेट, हैवी ट्रांसपोर्ट वेहिकल ड्राइविंग लाइसेंस आदि होना चाहिए। इसके अलावा 1 जनवरी 2026 को ध्यान में रखते हुए उम्मीदवार की आयु कॉन्स्टेबल ड्राइवर पद के लिए 21 से 27 वर्ष और अन्य सभी पदों के लिए 18 से 23 वर्ष होनी चाहिए। आरक्षित वर्ग को उम्र में नियमानुसार छूट मिलेगी। पद के अनुसार विस्तृत डिटेल चेक करने के लिए नोटिफिकेशन का अवलोकन कर सकते हैं।

### एप्लीकेशन प्रॉसेस और फीस

इस भर्ती में शामिल होने के लिए केवल ऑनलाइन माध्यम से ही आवेदन किया जा सकता है, अन्य किसी भी प्रकार से फॉर्म स्वीकार नहीं किये जायेंगे। इच्छुक उम्मीदवार आधिकारिक भर्ती पोर्टल rect.crpf.gov.in पर फॉर्म भर सकेंगे। आवेदन के साथ जनरल, ओबीसी एवं ईडब्ल्यूएस वर्ग को फीस के रूप में 100 रुपए जमा करने होंगे। एससी, एसटी वर्ग से आने वाले अभ्यर्थी भर्ती में शामिल होने के लिए निशुल्क फॉर्म भर सकेंगे। इस भर्ती में चयन कंप्यूटर बेस्ड टेस्ट। स्किल टेस्ट / पीईटी, पीएसटी/ डॉक्युमेंट वेरिफिकेशन/ मेडिकल एग्जामिनेशन आदि से गुजरना होगा। चयनित होने वाले अभ्यर्थियों को पे लेवल 3 के अनुसार 21,700 -69,100 रुपए प्रतिमाह सैलरी प्रदान की जाएगी।

**ब्रह्माकुमारी सेक्टर 7 के पीस ऑडिटोरियम में उल्लासपूर्वक मनाया गया मदर्स डे**

**कार्नर न्यूज**

## मां का प्रेम, सेवा और संस्कार जीवन की सर्वोच्च शक्ति निस्वार्थ मातृत्व और परमात्म प्रेम का दिया संदेश

3प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा सेक्टर-7 स्थित पीस ऑडिटोरियम में मदर्स डे अत्यंत हर्षोल्लास, उमंग और आध्यात्मिक गरिमा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में मातृत्व शक्ति, निस्वार्थ प्रेम और जीवन मूल्यों के महत्व को रेखांकित करते हुए महिलाओं, माताओं एवं समाज को सकारात्मकता, सेवा और संस्कारों का संदेश दिया गया।

राजयोग सत्र के पश्चात ब्रह्माकुमारी बहनों ने परमात्म प्रेम की श्रेष्ठ पालना देने वाली अलौकिक मातृत्व शक्ति स्वरूप राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी आशा दीदी के प्रति श्रद्धा, स्नेह और आभार व्यक्त करते हुए पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर ब्रह्मकुमारी आशा बहन ने अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में कहा कि मां जीवन की प्रथम गुरु, शिक्षक, सखा और संस्कारदाता होती है। मां की शिक्षा भले अनुशासनपूर्ण लगे, किंतु उसका मूल उद्देश्य संतान का कल्याण और व्यक्तित्व निर्माण होता है। उन्होंने कहा कि मां की निस्वार्थ शिक्षाओं को जीवन में धारण करने वाला व्यक्ति अपने जीवन पथ को सफल, सार्थक और मूल्यवान बना सकता है। उन्होंने उपस्थित ब्रह्मावत्सों को प्रेरित करते हुए कहा कि यदि परिवार या समाज में कोई व्यक्ति दुख, निराशा या नकारात्मक संस्कारों से प्रभावित है, तो उसे सहयोग, स्नेह, उमंग और उत्साह देना भी श्रेष्ठ सेवा है। यही सच्चा पुण्य है और यही







वास्तविक मातृत्व का स्वरूप है।

### गिरे हुए को उठाकर सहारा देना ही निस्वार्थ सेवा

ब्रह्मकुमारी आशा बहन ने प्रकृति, धरती मां और पंचतत्वों की संरक्षण भावना को भी मातृत्व का विस्तार बताते हुए कहा कि शांति, सकारात्मकता और श्रेष्ठ जीवन मूल्यों की किरणें समाज में फैलाना ही सच्ची सेवाधर्मिता है। उन्होंने संदेश दिया कि गिरे हुए को और गिराना नहीं, बल्कि उसे उठाना, सहारा देना और निस्वार्थ स्नेह देना ही श्रेष्ठ मानवता है। मदर्स डे सेलिब्रेशन केवल उत्सव नहीं, बल्कि मातृत्व, सेवा, आध्यात्मिकता और मानव मूल्यों के महापर्व के रूप दिखाई दिया।

कार्यक्रम के दौरान डिवाइन ग्रुप के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियों ने मातृत्व के प्रति सम्मान, प्रेम और कृतज्ञता को सजीव रूप से अभिव्यक्त किया।

## धर्म इवेंट

# श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव आज से, 14 को भव्य कलश यात्रा



■ चार दिवसीय धार्मिक आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल

**भिलाई।** आम्रपाली वनांचल सिटी, गौरवपथ स्थित श्रीराम मंदिर में 11 से 14 मई तक प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। श्रीराम मंदिर समिति और कॉलोनीवासियों द्वारा आयोजित इस चार दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल है।

महोत्सव के तहत प्रतिदिन विभिन्न वैदिक और धार्मिक अनुष्ठान संपन्न होंगे। कार्यक्रम की शुरुआत 11 मई सोमवार को वैदिक पूजा, मंडप प्रवेश, पंचांग पूजन, जलाधिवास, धान्याधिवास, शय्याधिवास सहित अन्य अनुष्ठानों से होगी। 12 मई मंगलवार और 13 मई बुधवार को वेदी पूजन, मूर्ति संस्कार तथा अग्न्याधान जैसे धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। वहीं 14 मई गुरुवार को सुबह 7 बजे भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। इसके बाद मूर्ति भ्रमण एवं प्राण प्रतिष्ठा की मुख्य पूजा संपन्न होगी। साथ ही यज्ञ, हवन और दोपहर 2 बजे महाप्रसाद वितरण किया जाएगा। आयोजन में वैदिक अनुष्ठान वाराणसी के व्याकरणाचार्य पं. ओमप्रकाश त्रिवेदी के सानिध्य में संपन्न होंगे। मंदिर समिति ने श्रद्धालुओं से परिवार सहित शामिल होकर पुण्य लाभ लेने की अपील की है। आयोजन समिति के अनुसार प्रतिदिन शाम 7 बजे पूजा आरती के बाद प्रसाद वितरण भी किया जाएगा।

## समाज इवेंट

# वैदिक मंत्रोच्चार और पारंपरिक रीति रिवाजों से 15 जोड़ों का हुआ विवाह



■ लोकआंगन परिसर में आदर्श सामूहिक विवाह संपन्न

**भिलाई।** महिला और बाल विकास विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत वैशाली नगर स्थित लोकआंगन परिसर में आदर्श सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में 15 जोड़ों का विवाह पूरे विधि-विधान और सामाजिक रीति-रिवाजों के साथ संपन्न कराया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और बड़ी संख्या में परिजनों की मौजूदगी में नवदंपतियों ने नए जीवन की शुरुआत की। वैदिक मंत्रोच्चार और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ सभी विवाह संपन्न कराए गए।

समारोह में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर तथा वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। दोनों विधायकों ने मंच पर नवविवाहित जोड़ों पर पुष्पवर्षा कर उन्हें शुभकामनाएं दीं और सुखद दांपत्य जीवन की मंगलकामना की। इस अवसर पर शासन की ओर से प्रत्येक नवविवाहित जोड़े को 50 हजार रुपए की आर्थिक सहायता राशि का चेक और गृहस्थी का आवश्यक सामान भेंट किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार बेटियों के सम्मान और सशक्तिकरण के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना गरीब परिवारों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। इस योजना से आर्थिक बोझ कम होता है और दहेज जैसी सामाजिक कुरीतियों को समाप्त करने में भी मदद मिलती है। उन्होंने नवविवाहित जोड़ों से समाज में आदर्श स्थापित करने और राष्ट्र निर्माण में योगदान देने की अपील की। साथ ही कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने कहा कि विवाह केवल दो व्यक्तियों का नहीं बल्कि दो परिवारों और समाज को जोड़ने वाला पवित्र संस्कार है। उन्होंने कहा कि आज 15 बेटियों के हाथ पीले कर सभी गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान का उल्लेख करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना इस अभियान को नई दिशा दे रही है। रिकेश सेन ने नवविवाहित जोड़ों से अपने वैवाहिक जीवन में एक-दूसरे का सम्मान करने और माता-पिता का आशीर्वाद हमेशा बनाए रखने की अपील की। साथ ही विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि योजना का लाभ पारदर्शिता के साथ हर पात्र हितग्राही तक पहुंचे। कार्यक्रम में वर-वधू पक्ष के परिजन, जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक और महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# महाराणा प्रताप की जयंती पर निकाली गई शोभायात्रा

**भिलाई।** क्षत्रिय कल्याण सभा सेक्टर-7 भिलाई में महाराणा प्रताप की 486 वीं जयंती मनाई गई। इस अवसर पर महाराणा प्रताप भवन से आज विशाल शोभा यात्रा निकाली गई जो टाउनशिप में सेन्ट्रल एवेन्यू से होते हुए महाराणा प्रताप भवन में समाप्त हुई।



कार्यक्रम में पहले महाराणा प्रताप भवन सेक्टर 7 स्थित महाराणा प्रताप चौक पर वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की प्रतिमा को माल्यार्पण कर विशाल व भव्य शोभा यात्रा की शुरुआत की गई। शोभा यात्रा में भिलाई- दुर्ग के समस्त क्षत्रिय समाज के सदस्य व सनातनी अपने अपने परिवार सहित शामिल हुए। इस दौरान क्षत्रिय कल्याण सभा भिलाई की तरफ से दया सिंह, राजेश सिंह, सुनील सिंह, संजय सिंह राठौड़, विजय सिंह, ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह, अरविंद सिंह, सुषमा सिंह आदि उपस्थित थे।

● गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर की 165वीं जयंती पर बंगालवासियों ने फेवरेट झालमुड़ी और रसगुल्ला का लिया स्वाद

# 8 से 80 वर्ष तक के कलाकारों ने दी रवीन्द्र संगीत की प्रस्तुति, बंगीय संस्कृति की बिखेरी सुंदर छटा

**भिलाई।** सेक्टर-6, कालीबाड़ी भिलाई के परिसर में कल शाम गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर की 165वीं जयंती श्रद्धा, संगीत और संस्कृति के रंगों के साथ उत्साहपूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण 8 वर्ष से लेकर 80 वर्ष तक के बच्चों से लेकर वरिष्ठ कलाकारों तक की प्रस्तुतियों ने गुरुदेव के साहित्य और संस्कृति के प्रति लोगों की गहरी आस्था को जीवंत कर दिया। इस सांस्कृतिक संध्या में बड़ी संख्या में शहरवासी परिवार सहित शामिल हुए और देर रात तक रवीन्द्र संगीत की मधुर स्वर लहरियों में डूबे रहे। कार्यक्रम के दौरान बंगालवासियों को फेवरेट झालमुड़ी, रसगुल्ला और खिचड़ी का वितरण किया गया, जिसने कार्यक्रम को और भी आत्मीय एवं यादगार बना दिया।सांस्कृतिक संध्या के दौरान कलाकारों ने गुरुदेव की रचनाओं को संगीत, नृत्य और अभिनय के माध्यम से भावपूर्ण ढंग से प्रस्तुत किया, जिसे दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ सराहा। पूरे परिसर में बंगीय संस्कृति और साहित्यिक वातावरण की सुंदर छटा देखने को मिली। इस सांस्कृतिक संध्या में बड़ी संख्या में शहरवासी परिवार सहित शामिल हुए और देर रात तक रवीन्द्र संगीत की मधुर स्वर लहरियों में डूबे रहे।











### झालमुड़ी और रसगुल्ला का लिया स्वाद

आयोजक कालीबाड़ी सेक्टर 6 महिला विंग अध्यक्ष पिंकी सिन्हा ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य नई पीढ़ी को गुरुदेव के साहित्य, संगीत और सांस्कृतिक विरासत से जोड़ना है। इस अवसर पर उपस्थित लोगों के बीच विशेष रूप से झालमुड़ी एवं रसगुल्ला का वितरण किया गया, जिसने कार्यक्रम को और भी आत्मीय एवं यादगार बना दिया। आयोजन समिति ने कार्यक्रम में शानदार प्रस्तुतियों के लिए सभी कलाकारों, सहयोगियों एवं शहरवासियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में देर रात तक कलाप्रेमी और बंगाली समुदाय के लोग गीत संगीत का आनंद लेते रहे।

### रवीन्द्र संगीत की भावपूर्ण प्रस्तुतियों ने मोहा मन

कार्यक्रम में रवीन्द्र संगीत की भावपूर्ण प्रस्तुतियों, शास्त्रीय एवं भावनात्मक नृत्य, काव्य पाठ और साहित्यिक अभिव्यक्तियों ने उपस्थित दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। आयोजन की विशेष बात यह रही कि मंच पर 8 वर्ष से लेकर 80 वर्ष तक के कलाकारों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। बच्चों से लेकर वरिष्ठ कलाकारों तक की प्रस्तुतियों ने गुरुदेव के साहित्य और संस्कृति के प्रति लोगों की गहरी आस्था को जीवंत कर दिया। इस दौरान मामुनी सेनगुप्ता और शुभाशीष ने सुमधुर रविंद्र संगीत की प्रस्तुति दी।

## देवर्षि नारद जयंती पर कार्यक्रम

# अज्ञान का नाश कर ज्ञान का प्रकाश देने वाले देवर्षि नारद, महिला पत्रकार सम्मानित



**भिलाई।** आद्य पत्रकार देवर्षि नारद जयंती और विश्व पत्रकार दिवस के उपलक्ष्य पर रविवार को कार्यक्रम का आयोजन कर विश्व संवाद केंद्र, छत्तीसगढ़ और प्रचार विभाग दुर्ग द्वारा महिला पत्रकारों को सम्मानित किया गया। मुख्य वक्ता स्तंभकार और पत्रकार कृष्णमुरारी त्रिपाठी अटल उपस्थित थे। अतिथि के रूप में न्यू प्रेस क्लब के अध्यक्ष अनिल गुप्ता, स्टील सिटी प्रेस क्लब के कार्यवाहक अध्यक्ष अतुल शर्मा और समाजसेवी सुनील पटेल उपस्थित थे।कार्यक्रम का शुभारम्भ देवर्षि नारद के तैल चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। प्रस्तावना विनय प्रकाश कादमिया ने प्रस्तुत की।

स्वागत निकस साहू और परिचय आनंद नारायण ओझा ने करवाया। कृष्णमुरारी त्रिपाठी अटल ने कहा कि जब हम भारतीय पत्रकारिता की बात करते है तो उसके सूत्र हमें नारद के रूप में मिलते हैं। उन्होंने कहा अज्ञान का नाश कर ज्ञान का प्रकाश देने वाले देवर्षि नारद हैं। उन्होंने कहा हमारा उत्तरदायित्व समाज और राष्ट्र के प्रति है। जब तक हम उन उत्तरदायित्व का निर्वहन नंही करते तब तक हम पत्रकार होने की अर्हता नहीं रखते। अनिल गुप्ता ने कहा कि नारदजी के सामान समाज के हित में कल्याणकारी पत्रकारिता करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि भिलाई में नारदजी का मंदिर बनना चाहिए जहां देवर्षि नारद की मूर्ति स्थापित की जाए। अतुल शर्मा ने कहा हमें नारदजी के कदमों का अनुसरण करते हुए अपनी पत्रकारिता करना चाहिए। समाजसेवी सुनील पटेल ने कहा कि पत्रकारों को आपस में बैठना चाहिए और समीक्षा करना चाहिए कि हम किस प्रकार की पत्रकारिता कर रहे हैं। पत्रकारिता ऐसी होना चाहिए जिससे कि समाज और राष्ट्र में सकारात्मक परिवर्तन आए। पत्रकारिता के क्षेत्र में किए गए विशिष्ट कार्यों के लिए महिला पत्रकारों का सम्मान किया गया। सम्मान पाने वालों में भावना पाण्डेय, कोमल धनेसर, अनुभूति भाखरे, संगीता मिश्रा, दाक्षी साहू, वीणा दुबे, साधना सिंह, पिंकी चौधरी, निधी भरद्वाज, भारती कौर शामिल थीं। आभार प्रदर्शन दिनेश पुरवार ने किया। इस दौरान दुष्यंत साहू, जीतेन्द्र साहू, मनीष दुबे, पवन केशवानी, अंजनी द्विवेदी, प्रमोद श्रीवास्तव सहित अन्य उपस्थित थे।

## क्षत्रिय महिला समाज का आयोजन

# वीरांगनाओं ने समाज सेवा और शौर्य का दिया संदेश, राहगीरों को बांटे शर्बत



**भिलाई।** महाराणा प्रताप जयंती के पावन अवसर पर अखिल क्षत्रिय महिला वीरांगना समाज भिलाई द्वारा रिसाली स्थित डीपीएस चौक में राहगीरों के लिए शरबत वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। भीषण गर्मी के बीच क्षत्रिय महिलाओं ने सेवा भाव के साथ राहगीरों को शीतल पेय वितरित कर समाजसेवा की प्रेरणादायी मिसाल प्रस्तुत की।

समाज की जिलाध्यक्ष ललिता सिंह ने बताया कि प्रत्येक वर्ष महाराणा प्रताप जयंती के अवसर पर समाजसेवा और जनहितकारी कार्यों के माध्यम से उनकी शौर्य को याद किया जाता है। उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप का जीवन शौर्य, स्वाभिमान और राष्ट्रभक्ति का प्रतीक है, जिनसे नई पीढ़ी को प्रेरणा लेनी चाहिए। यह आयोजन सामाजिक सेवा, महिला सशक्तिकरण और राष्ट्रनायक महाराणा प्रताप के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने का प्रेरक प्रयास बना।

कार्यक्रम में अखिल भारतीय क्षत्रिय महिला वीरांगना समाज की प्रदेश उपाध्यक्ष किरण सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहीं। उनके नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में समाज की महिलाओं द्वारा निरंतर सामाजिक एवं सेवा कार्य किए जाते हैं। इस दौरान महाराणा प्रताप की वीरता, संघर्ष और राष्ट्र गौरव से जुड़ी शौर्य गाथाओं का वर्णन किया गया तथा उनकी जीवनी पर कविता पाठ भी प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष किरण सिंह, जिलाध्यक्ष ललिता सिंह सहित कुसुम सिंह, संध्या सिंह, प्राची सिंह, सुषमा सिंह, संजय सिंह, संगीता सिंह, अनीता सिंह, डॉ. प्रभा सिंह, अनीमा सिंह, सुनीता सिंह, गीता सिंह एवं अन्य पदाधिकारियों व कार्यकारिणी सदस्यों का सक्रिय सहयोग रहा।

## महान व्यक्तित्वों के उदाहरण देकर बताया बच्चों को निरंतर पुरुषार्थ और लगन का महत्व

# बच्चों को जीवन का लक्ष्य निर्धारण के साथ सिखा रहे संकल्प, साधना और सफलता के सूत्र व डिजिटल अनुशासन

**कार्नर न्यूज**

**भिलाई।** जीवन में केवल शिक्षा, पद और आर्थिक सफलता ही पर्याप्त नहीं, बल्कि ऐसा लक्ष्य होना चाहिए जो स्वयं, परिवार, समाज और विश्व कल्याण से जुड़ा हो। जीवन के लक्ष्य पर आधारित चरित्र निर्माण की यह बातें समर कैंप के दौरान ब्रह्माकुमारी वर्षा बहन ने बच्चों से कही। उन्होंने शिवाजी महाराज, महात्मा गांधी और तबला वादक जाकिर हुसैन जैसे महान व्यक्तित्वों के उदाहरण देकर बच्चों को दृढ़ संकल्प, निरंतर पुरुषार्थ और अटूट लगन का महत्व समझाया। इस दौरान विभिन्न रोचक गतिविधियों के साथ ही रोजयोग मेडिटेशन भी कराया गया। हाउसिंग बोर्ड भिलाई स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में आयोजित समर कैंप में बच्चों के व्यक्तित्व विकास, लक्ष्य निर्धारण, आत्मविश्वास, दृढ़ता और आध्यात्मिक मूल्यों पर विशेष मार्गदर्शन दिया गया। ब्रम्हकुमारी वर्षा ने बच्चों को प्रेरित करते हुए बताया कि जीवन में केवल शिक्षा, पद और आर्थिक सफलता ही पर्याप्त नहीं, बल्कि ऐसा लक्ष्य होना चाहिए जो स्वयं, परिवार, समाज और विश्व कल्याण से जुड़ा हो। समर कैंप के दौरान वर्षा दीदी ने बच्चों को लक्ष्य निर्धारण के महत्व को सरल उदाहरणों और प्रेरणादायक प्रसंगों के माध्यम से समझाया। उन्होंने कहा कि जीवन में लक्ष्य स्पष्ट, ऊंचा और महान होना चाहिए, क्योंकि बिना उद्देश्य का जीवन साधारण बनकर रह जाता है।



### स्व-परिवर्तन से ही विश्व परिवर्तन संभव

अपने जीवन के अनुभव साझा करते हुए ब्रह्माकुमारी वर्षा ने बताया कि बचपन से ही उनके मन में समाज कल्याण की भावना थी और ब्रह्माकुमारी संस्था से जुड़ने के बाद उन्हें अपने जीवन लक्ष्य को सही दिशा मिली। उन्होंने बच्चों को समझाया कि स्व-परिवर्तन से ही विश्व परिवर्तन संभव है।




### लक्ष्य आत्मविश्वास से भरा हो

कार्यक्रम में बच्चों को लक्ष्य निर्धारण के पांच महत्वपूर्ण आधार बताए गए। क्या लक्ष्य जीवन में शांति देगा, संतुष्टि देगा, परिवार और समाज के प्रति जिम्मेदारी निभाने में सहायक होगा, योग्यताओं को बढ़ाएगा और क्या उसके लिए पूर्ण समर्पण संभव है। उन्होंने कहा कि लक्ष्य स्मार्ट यानी स्पष्ट, सार्थक और आत्मविश्वास से भरा होना चाहिए। शिवाजी महाराज, महात्मा गांधी और तबला वादक जाकिर हुसैन जैसे महान व्यक्तित्वों के उदाहरण देकर बच्चों को दृढ़ संकल्प, निरंतर पुरुषार्थ और अटूट लगन का महत्व समझाया गया। बीके वर्षा ने कहा कि सफलता उन्हीं को मिलती है जो कठिनाइयों के बावजूद अपने लक्ष्य से पीछे नहीं हटते। समर कैंप की विशेषता डिजिटल उपवास भी रहा, जिसमें कई बच्चों ने लगातार तीन दिनों तक मोबाइल फोन का उपयोग नहीं किया। अभिभावकों ने इसे सराहते हुए कहा कि जो बदलाव वे स्वयं नहीं ला पाए, वह ब्रह्माकुमारी संस्थान के सकारात्मक वातावरण और मेडिटेशन के माध्यम से संभव हुआ। कार्यक्रम में बच्चों को नियमित योग, मेडिटेशन, एक्सरसाइज, प्रेरक कहानियां और दैनिक होमवर्क के माध्यम से अनुशासन एवं आत्मविकास की दिशा में आगे बढ़ाया जा रहा है। अंत में सभी बच्चों को सात्विक प्रसाद प्रदान किया गया।यह समर कैंप बच्चों के भीतर आत्मबल, संस्कार, लक्ष्य और सकारात्मक जीवनशैली विकसित करने का प्रभावी माध्यम बन रहा है, जिससे वे भविष्य में सफल और जिम्मेदार नागरिक बन सकें।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## 'द डेविल वियर्स प्राडा' के तीसरे भाग को लेकर चर्चा, फिल्ममेकर ने दिया अपडेट



इन दिनों हॉलीवुड फिल्म 'द डेविल वियर्स प्राडा 2' सिनेमाघरों में दर्शकों का मनोरंजन कर रही है। यह सीक्वल लगभग 20 साल बाद बना। अब इसके तीसरे पार्ट को लेकर फिल्ममेकर डेविड फ्रैंकल ने अपडेट शेयर किया है।

फिल्म 'द डेविल वियर्स प्राडा 2' अमेरिकी बॉक्स ऑफिस पर अच्छा कलेक्शन कर रही है। भारत में भी यह फिल्म करोड़ों रुपये में कमाई कर रही है। इस फिल्म को देखने के लिए दर्शकों को लगभग 20 साल का इंतजार करना पड़ा। क्या तीसरे पार्ट में भी इतना ही लंबा इंतजार फैंस को करना होगा, इसे लेकर फिल्ममेकर डेविड फ्रैंकल ने चुप्पी तोड़ी है। डायरेक्टर डेविड फ्रैंकल 'द डेविल वियर्स प्राडा 3' बनने की संभावना से इनकार नहीं कर रहे हैं। हाल ही में वैरायटी से बात करते हुए डेविड फ्रैंकल ने कहा, 'देखिए, हमें यह फिल्म बनाने में 20 साल लग गए। जबकि मैंने कहा था कि अब कभी नहीं। फिर भी हम यहां पर हैं। इसलिए मैं दोबारा यह नहीं कहूंगा कि 'अब कभी नहीं'। देखते हैं कि आगे क्या होता है। अगर किरदारों के साथ दोबारा जुड़ने और इन शानदार एक्टर्स के साथ कुछ महीने बिताने का मौका मिला तो मुझे बहुत खुशी होगी।' इस तरह से कहीं ना कहीं फिल्ममेकर डेविड ने फिल्म के पार्ट 3 को लेकर हिंट दिया है। फिल्म 'द डेविल वियर्स प्राडा 2' में मेरिल स्ट्रीप और ऐनी हैथवे के अलावा एमिली ब्लंट, स्टेनली टुकी, ट्रेसी थॉमस और टिबोर फेल्डमैन ने वापसी की। ये सभी एक्टर्स पहली पार्ट में भी थे। वहीं फिल्म 'द डेविल वियर्स प्राडा 2' में कुछ नए एक्टर्स भी शामिल हुए हैं। इसमें केनेथ ब्रानघ, पैट्रिक ब्रामल, सिमोन एशले, लूसी लियू, बीजे नोवाक, जस्टिन थेरॉक्स, लेडी गागा और पॉलीन चालमेट के नाम शामिल हैं।

### टॉलीवुड

## 'राव बहादुर' की बदली रिलीज डेट, जुलाई में सिनेमाघरों में देगी दस्तक



महेश बाबू के प्रोडक्शन हाउस की नई फिल्म 'राव बहादुर' की नई रिलीज डेट सामने आई है। साउथ सुपरस्टार महेश बाबू के प्रोडक्शन हाउस जी ए म बी एंटरटेनमेंट ने सत्य देव स्टारर अपनी आगामी फिल्म 'राव बहादुर' की नई रिलीज डेट की घोषणा कर दी है। यह एक साइकोलॉजिकल थ्रिलर है। फिल्म का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। अब मेकर्स ने इस बीच फिल्म की रिलीज डेट जारी कर दी है। मेकर्स ने रिलीज डेट की घोषणा करते हुए सोशल मीडिया पर फिल्म का एक नया पोस्टर साझा किया है। पोस्ट के कैप्शन में लिखा, 'एक नई तारीख। एक शानदार सिनेमाई अनुभव। राव बहादुर 3 जुलाई से दुनिया भर के सिनेमाघरों में। राव बहादुर याद रखें 'संदेह एक राक्षस है'।'

वेंकटेश महा द्वारा निर्देशित यह मनोवैज्ञानिक थ्रिलर फिल्म पहले 5 जून को रिलीज होने वाली थी। मेकर्स ने अब फिल्म की रिलीज डेट बदल दी है। अब फिल्म 3 जुलाई को नई रिलीज डेट के साथ रिलीज होगी। महेश बाबू प्रोडक्शंस की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'राव बहादुर' का टीजर पिछले साल जारी किया गया था। एसएस राजामौली द्वारा साझा किया गया यह पोस्टर एक सस्पेंस और अंधेरी दुनिया की झलक दिखाता है। इससे पहले मेकर्स ने फिल्म का फर्स्ट-लुक पोस्टर भी जारी किया था। पोस्टर में सत्य देव को शाही अंदाज में दिखाया गया है, जो मोर के पंखों से घिरे हुए हैं।

इसमें बच्चे उनके कपड़े और मूंछों से लटके हुए हैं। फिल्म का निर्देशन वेंकटेश महा ने किया है और इसे महेश बाबू प्रस्तुत कर रहे हैं। महेश बाबू और नम्रता शिरोडकर की जीएमबी एंटरटेनमेंट इस प्रोजेक्ट को सपोर्ट कर रही है।

### भोजपुरी

## मुश्किल में सिंगर समर, एक्ट्रेस की हत्या के आरोप पर हाईकोर्ट ने जारी किया नोटिस



तीन साल पुराने एक मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक भोजपुरी एक्ट्रेस की मौत के मामले में भोजपुरी सिंगर समर सिंह को नोटिस जारी किया है। 26 मार्च, 2023 को वाराणसी के एक होटल के कमरे में 25 साल की भोजपुरी एक्ट्रेस का शव मिला था। यह कथित तौर पर आत्महत्या का मामला था। तीन साल बाद, अदालत ने समर सिंह और उनके भाई संजय सिंह को नोटिस जारी किया। एक्ट्रेस की मां ने इस मामले में सीबीआई जांच की मांग करते हुए एक याचिका दायर की थी।

एक्ट्रेस की मां ने एक याचिका दायर कर आरोप लगाया था कि उनकी बेटी की हत्या दो आरोपियों ने की है। उन्होंने इस मामले में सीबीआई जांच की मांग करते हुए एक याचिका दायर की। सारनाथ के स्टेशन हाउस ऑफिसर (एसएचओ) को भी अपना जवाबी हलफनामा दायर करने को कहा गया है। ऐसा न करने पर उन्हें 22 मई को कोर्ट के सामने पेश होना होगा।

भोजपुरी एक्ट्रेस का शव 2023 में वाराणसी के सारनाथ स्थित एक होटल में मिला था। पुलिस ने इसे आत्महत्या का मामला बताया था। पुलिस जांच पर सवाल उठाते हुए, एक्ट्रेस की मां की याचिका में दावा किया गया है कि उनकी मौत आत्महत्या नहीं, बल्कि हत्या थी। मामले की अगली सुनवाई उसी साल मई को तय की गई थी। उम्मीद थी कि उसी दिन फैसला सुना दिया जाएगा, लेकिन कोर्ट ने कहा कि कुछ बिंदुओं पर नए सिरे से सुनवाई जरूरी है।

2023 में, टीओआई ने रिपोर्ट किया था कि एक्ट्रेस के कथित बॉयफ्रेंड समर और उनके भाई संजय को अप्रैल में कथित तौर पर उन्हें धमकाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। समर को कई महीनों तक जेल में रहने के बाद नवंबर में रिहा कर दिया गया था। उस वक्त एक्ट्रेस के परिजनों ने आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराई थी।

## फिजी के रंग

लाइफ स्टाइल



दक्षिण प्रशांत महासागर के खूबसूरत द्वीपीय देश फिजी को अक्सर 'मिनी इंडिया' भी कहा जाता है। यहां का फ़ैशन, प्राचीन आदिवासी परंपरा और आधुनिक द्वीपीय शैली का एक अनोखा मेल है। इसकी पहचान इसके चटकीले रंगों, आकर्षक ज्यामितीय पैटर्न और इसके कपड़ों व परिधानों के गहरे सांस्कृतिक महत्व से होती है। यहां सबसे मशहूर कपड़ा 'मासी' है, जिसे कागज़ी शहतूत के पेड़ की भीतरी छाल से बनाया जाता है। छाल को उतारा जाता है, कूटकर गूदा बनाया जाता है, और फिर उसे जोड़कर चादरें तैयार की जाती हैं।

## पैरों में होने लगी है टैनिंग, घरेलू उपाय अपनाएं



यदि आपके भी पैरों की स्किन गर्मियों में टैन होने लगती है, तो आपके लिए इससे बचाव के घरेलू तरीके लेकर आए हैं। जिनकी मदद से आप सनबर्न की वजह से खराब हो चुकी स्किन को सही कर सकती हैं। इन उपायों को आप कम बजट में और बिना मेहनत के ठीक कर सकती हैं। यानि आप घर पर रखी चीजों की मदद से ही अपने पैरों की त्वचा को ठीक कर सकती हैं। इन घरेलू उपायों को हमारे साथ इंटरनेशनल मेकअप आर्टिस्ट कुशाग्री व्यास ने शेयर किया है।

### बेसन और दही

यदि गर्मियों में आपके पैरों में बहुत ज्यादा टैनिंग हो गई है तो उसके लिए बेसन और दही एक बेहतरीन उपाय है। इसकी मदद से आप अपने पैरों की स्किन को निखार सकती हैं। इसके लिए आपको बेसन और दही के साथ इसमें गुलाब जल को मिक्स करके उसका एक गाढ़ा पेस्ट बना लेना है। अब आपको इस पेस्ट को अपने पैरों पर लगाएं और तब तक लगा रहने दें। जब तक ये सूख न जाए। सूख जाने के बाद इसको मालिश करते हुए हटा दें। ऐसा आप हफ्ते में दो बार कर सकती हैं।

### शुगर पाउडर

यदि सनबर्न की वजह से आपके पैर बहुत ज्यादा खराब हो गए हैं तो आपके लिए शुगर पाउडर यानि पिसी हुई चीनी बेस्ट रहेगी। चीनी हमारी स्किन से डेड सेल्स हटाने में मदद करती है। ऐसे में आप शुगर पाउडर में थोड़ा पानी या गुलाब जल मिक्स करके उससे पैरों पर स्क्रब करें। हल्के हाथों से करीब आपको 5 से 10 मिनट तक मसाज करनी है। इसके बाद आप इसे पानी से वॉश कर लें। यह प्रक्रिया आप हफ्ते में एक बार दोहराएं।

### कॉफी पाउडर

पैरों की टैनिंग दूर करने के लिए कॉफी पाउडर भी आपकी मदद कर सकता है। कॉफी में पाए जाने वाले एक्सफोलिएटिंग गुण सनबर्न से झुलस चुकी त्वचा को ठीक करता है। इसके लिए आपको एक कटोरी में कॉफी पाउडर लेना है। उसमें आप थोड़ा दूध और एलोवेरा जेल मिक्स करें। अब इसमें पानी मिक्स करके एक गाढ़ा पेस्ट बना लें और इसको अपने पैरों पर अप्लाई करें। सूख जाने के बाद इसे वॉश कर लें।

## छोटे हाइट वाली लड़कियों को अट्रैक्टिव लुक देंगे खास सूट





छोटे हाइट वाली महिलाएं अक्सर इस बात को लेकर चिंतित रहती हैं, कि आखिर ऐसा क्या पहना जाए कि लुक अट्रैक्टिव नजर आए।



कम हाइट वाले लोगों को अपना लुक क्रिएट करने में काफी परेशानी आती है। आखिर ऐसा क्या पहना जाए जो कि उनकी पर्सनालिटी पर सूट करें। वहीं बात अगर इंडियन लुक की हो, तो फिर तो और भी ज्यादा सोचना पड़ता है। अगर छोटी हाइट वाली लड़कियां अपने लुक को ग्लैमरस बनाना चाहती हैं, तो आपको कपड़े के डिजाइन को लेकर उसके रंग और पैटर्न सभी पर ध्यान देना पड़ता है। तब जाकर वह ऑउटफिट आपके लुक को ग्रेसफुल बनाएगा।



अगर आपकी भी हाइट कम है और आप अपने लुक को खूबसूरत बनाने का सोच रही हैं, तो आज हम आपको कुछ डिफरेंट डिजाइन वाले सूट लुक्स दिखाने जा रहे हैं। जिनसे आप इंस्पिरेशन लेकर अपना लुक स्टाइलिश बना सकती हैं। ऐसे में आप जब भी कभी सलवार-सूट लेने जाएं तो नीचे बताए गए इन टिप्स को जरूर फॉलो करें। ताकि आपका लुक आकर्षक दिखने के साथ कॉन्फिडेंस से भरा रहे।

### वर्टिकल प्रिंट सूट चुनें

अगर आपकी हाइट छोटी है तो आपको हॉरिजॉन्टल स्ट्राइप्स की जगह वर्टिकल प्रिंट कुर्ती को सलेक्ट कर सकती हैं। ऐसी कुर्तियां कैरी करने के बाद आपकी हाइट लंबी नजर आती है। साथ ही, इस प्रिंट की कुर्तियां काफी स्टाइलिश लुक भी देती हैं। इनको आप किसी फंक्शन में भी कैरी करके जा सकती हैं। इसमें आपको हर स्टाइल की कुर्ती मिल जाएंगी। यह आपको ऑनलाइन 300 से लेकर 1000 रुपये तक की कीमत में मिल जाएंगी। जिन लड़कियों की हाइट कम होती है उन्हें हमेशा स्मॉल प्रिंटेड वाले सलवार-सूट का चयन करना चाहिए।

## मिनटों में पाएं बड़ी और खूबसूरत आंखें



मेकअप करना हम सभी को पसंद होता है। लेकिन जब भी आई लाइनर अप्लाई करने की बात आती है, तो हम अलग-अलग ट्रिक्स को ट्राई करते हैं। छोटी आंखों को बड़ा दिखाने के लिए भी आप कुछ आसान तरीकों के बारे में जानें। मेकअप करना हम सभी को पसंद होता है। इसलिए कई सारे लोग ऑनलाइन वीडियो देखकर अपने मेकअप को फ्लॉलेस तरीके से करते हैं। वहीं कुछ लोग पार्लर जाकर मेकअप करवाना पसंद करते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि लुक खराब नहीं होना चाहिए। लेकिन जब आई लाइनर लगवाने की बात आती है, तो हमें अक्सर दिक्कत होती है। कई बार तो लाइनर लगाते समय ही फैल जाता है। कई बार मोटा लग जाता है, तो इससे आंखे छोटी लगने लगती है। ऐसे में आप कुछ आसान तरीके से काजल को लगाएं, ताकि आपकी आंखें बड़ी नजर आए।

### छोटी आंखों पर लगाएं आईलाइनर

आपकी आंखें छोटी होती है। इसलिए ज्यादातर लोग अपनी आंखों पर काजल लगाना सबसे ज्यादा पसंद करते हैं। लेकिन आप चाहें तो लाइनर को भी अपनी आंखों पर अप्लाई कर सकती हैं। इससे आपकी आंखे बड़ी नजर आएंगी। बस आपको कुछ आसान तरीके को ट्राई करना है। इससे आपको लाइनर लगाना भी सही तरीके से आ जाएगा।

### लिक्विड आईलाइनर का इस्तेमाल

कई बार हम पेंसिल आईलाइनर का इस्तेमाल करते हैं, लेकिन आंखें अगर छोटी हैं, तो इसके लिए आप लिक्विड आईलाइनर का इस्तेमाल करें। इसमें कलर ज्यादा डार्क आता है। ऐसे में जब यह आईलाइनर आंखों पर लगता है, तो आंखे बोल्ड नजर आएंगी। आई लाइनर को लगाने के लिए पहले आप छोटे-छोटे डॉट को आंखों पर बनाएं। इसके बाद लाइन को पतला करके खींचे।

## ट्रेडिशनल आउटफिट के साथ खूब जचेंगे चोकर

अगर आप भी अपने ट्रेडिशनल आउटफिट के साथ पहनने के लिए नेकलेस सेट तलाश रही हैं, तो खूबसूरत चोकर डिजाइन नेकलेस आपके लिए बेस्ट हो सकते हैं।

### खूबसूरत कुंदन स्टड नेकलेस सेट

अगर आप अपने घर के फंक्शन में लहंगा पहनने वाली है, तो अब आप अपने लहंगे लुक को गॉर्जियस और एलिगेंट टच देने के लिए इस खूबसूरत कुंदन स्टड नेकलेस सेट डिजाइन को ट्राई कर सकती हैं। इस नेकलेस को आप ऑनलाइन खरीद सकती है या फिर अपने नजदीकी दुकान पर ऑर्डर देकर मंगवा सकती हैं।

### खूबसूरत ब्लैक स्टोन गोल्ड प्लेटेड चोकर नेकलेस

शादी वाले घर में अगर आप भीड़ से हटकर दिखाना चाहती हैं और सभी मेहमानों को खुश करना चाहती हैं, तो अपने आउटफिट के साथ इस खूबसूरत ब्लैक स्टोन गोल्ड प्लेटेड चोकर नेकलेस डिजाइन को भी ट्राई कर सकती हैं। इस नेकलेस को पहनकर आप किसी हसीना से कम नहीं लगेंगी। आपको यह नेकलेस ऑनलाइन मिल जाएगा।



### गोल्ड प्लेटेड ट्रेडिशनल कुंदन चोकर डिजाइन

अगर आप किसी भी फंक्शन में हैवी मिरर वर्क या खूबसूरत साड़ी पहनने वाली है, तो अपने साड़ी लुक को सबसे अलग और खूबसूरत बनाने के लिए आप इस गोल्ड प्लेटेड ट्रेडिशनल कुंदन चोकर डिजाइन नेकलेस को ट्राई कर सकती है यह नेकलेस आपकी खूबसूरती में चार चांद लगा देगा। इसके साथ आप कानों में मैचिंग इयररिंग और मांग टीका भी शामिल कर सकती है।

## कार्नर न्यूज

### दोस्त या भाई के इस्तेमाल किए फैशनेबल आइटम्स से दूर रहें तो बेहतर

## दूसरों के इन फैशनेबल आइटम्स को नहीं करना चाहिए इस्तेमाल, इसके पीछे की वजह भी जानिए

अपने दोस्त या भाई के फैशनेबल आइटम्स को पसंद करना चाहिए। यह अच्छी आदत है। मगर उनकी चीजों को पसंद करने का मतलब यह नहीं कि आप उन्हें हथिया लें। कई लोगों को जैसे ही किसी दूसरे की चीजें पसंद आती हैं, उसे लेकर पहन लेते हैं। जबकि ये सबसे बुरी आदत है। यह आदत स्वास्थ्य के हिसाब से भी हानिकारक साबित हो सकती है। इसलिए आज हम उन चीजों के बारे में बात करेंगे जो भूलकर भी इस्तेमाल नहीं करनी चाहिए। जबकि हम लोग इन चीजों को बिना सोचे समझे एक झटके में पहन लेते हैं। ऐसा करने वाले भी काफी लोग हैं।

### क्यों उपयोग नहीं करना चाहिए?

पहली बात यह है कि यह अच्छी आदत नहीं। हमें कभी भी ऐसा नहीं करना चाहिए। दूसरी बात है स्वास्थ्य संबंधित। जी हां, इन चीजों के उपयोग से आपको संक्रमण हो सकता है। हालांकि आपको यह बात मजाक लगे लेकिन ऐसा करना स्वास्थ्य के लिए हानिकारक साबित हो सकता है। चलिए अब हम उन चीजों के बारे में जान लेते हैं-



चश्मा / सनग्लास

वायरस और बैक्टीरिया दोनों से ही आंखों में संक्रमण होते हैं। कंजक्टिवाइटिस, आंखों का लाल होना, आंखों में खुजली आदि संक्रमण आंखों में होते हैं। ये संक्रमण बहुत तेजी से फैल सकते हैं। इसलिए आंखों के बचाव के लिए हम चश्मा पहनते हैं।

मगर कई लोगों के चश्मे बहुत पसंद आते हैं। जैसे ही हम देखते हैं उस पर दिल आ जाता है। इसलिए उनके चश्मे / सनग्लास को आजमाने लगते हैं। मगर हमें कभी भी किसी दूसरे शख्स का चश्मा / सनग्लास नहीं पहनना चाहिए। अगर आपको आजमाना भी है तो इसके लिए दुकान चले जाएं। वहां से अपने लिए नया चश्मा लेकर आ जाएं।

### टोपी / कैप

सिर में होने वाले संक्रमण से अगर आप अवगत नहीं हैं तो हो जाएं। क्योंकि यहां से भी संक्रमण फैल सकता है। इसके लिए आपको अपनी आदत सुधारनी होगी। हम कई बार किसी दूसरे की टोपी / कैप को पहन लेते हैं।

अगर आप किसी दूसरे की टोपी / कैप पहनते हैं तो इससे इंफेक्शन हो सकता है। खासकर सिर में सबसे अधिक होने वाली समस्या डैंड्रफ भी आपके सिर में हो सकती है। इसलिए अपने लिए नई टोपी खरीद लें क्योंकि ये काफी सस्ती होती हैं।

### फैशनेबल मास्क


कोरोना काल में मास्क हमारे वार्डरोब का अहम हिस्सा हो चुका है। यह आने वाले कितने समय तक हमारे साथ रहेगा किसी को नहीं पता है। खैर हमें इसका पता नहीं लेकिन यह बात जान लें कि कभी भी किसी दूसरे शख्स का मास्क इस्तेमाल न करें।

घर में कई बार किसी दूसरे का रियूजेबल मास्क पसंद आने पर या अन्य किसी कारणवश हम इसे यूज कर लेते हैं। यह हमारे स्वास्थ्य के लिए सबसे खतरनाक साबित हो सकता है। इसलिए आप भूलकर भी किसी



## हेल्थ टिप्स

### तमाम वर्जिश के बावजूद नहीं घट रहा वजन तो हो सकती हैं ये गलतियां



अधिकतर लोग वजन कम करने के लिए जल्दबाजी में ऐसे तरीके अपनाने लगते हैं जो शरीर को फायदा पहुंचाने के बजाय नुकसान पहुंचा सकते हैं। कोई खाना लगभग बंद कर देता है, कोई घंटों एक्सरसाइज करता है। इससे क्या वास्तव में फायदा होता है?

वजन बढ़ना मौजूदा समय की सबसे चिंताजनक समस्याओं में से एक है। ये अपने साथ कई तरह की बीमारियां भी लेकर आता है। जिस तरह से बच्चों से लेकर युवाओं और बुजुर्गों तक, हर उम्र के लोग मोटापे का शिकार होते जा रहे हैं, इसने सेहत को लेकर मुश्किलें और बढ़ा दी हैं।

विशेषज्ञ कहते हैं, खराब लाइफस्टाइल, दिनभर बैठकर काम करते रहना, जंक फूड्स की आदत और शारीरिक गतिविधियों में कमी ने लोगों को बड़ी मुसीबत में डाल दिया है। क्या आप भी मोटापे की समस्या से परेशान हैं?

वजन कम करने के लिए कोई खाना लगभग बंद कर देता है तो कोई घंटों एक्सरसाइज करता है पर क्या वास्तव में इससे लाभ मिलता है? विशेषज्ञों के अनुसार स्वस्थ तरीके से वजन कम करने का मतलब केवल कम खाना नहीं बल्कि संतुलित डाइट, नियमित एक्सरसाइज, अच्छी नींद और लंबे समय तक टिकने वाली आदतों को अपनाना है।

#### वेट लॉस के दौरान क्या गलतियां न करें?

अध्ययनों से पता चलता है कि क्रैश डाइटिंग से



मेटाबॉलिज्म धीमा पड़ सकता है, जिससे बाद में वजन और तेजी से बढ़ने लगता है। वहीं जरूरत से ज्यादा वर्कआउट करने से शरीर में थकान, चोट का खतरा हो सकता है। वजन घटाने के दौरान सही पोषण लेना भी असल में बहुत जरूरी है। आइए जानते हैं कि वेट लॉस के लिए अक्सर लोग कौन सी गलतियां करते हैं जिससे फायदे की जगह नुकसान हो सकता है?

#### खाना छोड़ना ठीक नहीं

अक्सर लोग सोचते हैं कि खाना छोड़ देने से वजन तेजी से कम हो जाएगा, लेकिन असल में ये तरीका शरीर के लिए नुकसानदायक साबित हो सकता है। क्रैश डाइटिंग में लोग जरूरत से बहुत कम कैलोरी लेते हैं, जिससे शरीर में ऊर्जा की कमी होने लगती है। विशेषज्ञों के अनुसार शरीर को काम करने के लिए ऊर्जा की जरूरत होती है। जब आप खाना कम कर देते हैं तो शरीर स्टार्वेशन मोड में चला जाता है और मेटाबॉलिज्म धीमा हो जाता है। क्रैश डाइटिंग करने वाले लोगों में कमजोरी, चक्कर आने, बाल झड़ने जैसी समस्याएं बढ़ जाती हैं।

#### बहुत ज्यादा व्यायाम खतरनाक

क्या वास्तव में घंटों जिम में पसीना बहाने से वजन कम होता है? विशेषज्ञ कहते हैं, वजन घटाने के लिए एक्सरसाइज जरूरी है पर डाइट और लाइफस्टाइल की भूमिका भी उतनी ही महत्वपूर्ण होती है। जरूरत से ज्यादा वर्कआउट करना भी नुकसान पहुंचा सकता है। इससे मांसपेशियों में चोट, थकान और शरीर में कोर्टिसोल हार्मोन बढ़ सकता है। कोर्टिसोल का स्तर बढ़ने पर तनाव और फैट स्टोरेज की समस्या बढ़ सकती है। शरीर को बिना आराम दिए लगातार हैवी एक्सरसाइज करने से मांसपेशियों की रिकवरी नहीं हो पाती।

सिर्फ कैलोरी ही कम करने से नहीं चलेगा काम वजन कम करने के दौरान अक्सर लोग लो कैलोरी पर जोर देते हैं लेकिन पोषण पर ध्यान नहीं देते। यह गलती शरीर को कमजोर बना सकती है। प्रोटीन की कमी होना वेट लॉस के दौरान बड़ी समस्या है। प्रोटीन शरीर की मांसपेशियों को बनाए रखने में मदद करता है। जब लोग पर्याप्त प्रोटीन नहीं लेते तो वजन घटने के साथ मांसपेशियां भी कम होने लगती हैं। हेल्दी वेट लॉस के लिए दाल, पनीर, अंडे, दही, नट्स और हरी सब्जियों जैसी चीजों को डाइट में शामिल करना जरूरी है।

#### वेट लॉस के लिए नींद जरूरी

वेट लॉस के दौरान डाइट और एक्सरसाइज पर ध्यान देने के साथ अच्छी नींद और तनाव को कंट्रोल करना भी जरूरी है। खराब नींद और ज्यादा तनाव वजन बढ़ने का बड़ा कारण बन सकते हैं।जब शरीर को पर्याप्त नींद नहीं मिलती तो भूख नियंत्रित करने वाले हार्मोन प्रभावित होते हैं। इससे ज्यादा भूख लग सकती है और कैलोरी इंटेक बढ़ सकती है। तनाव की स्थिति में शरीर में कोर्टिसोल हार्मोन बढ़ता है।




### आंखों को देखकर आसानी से समझ सकते है अपनी तबीयत को

## आंखें गवाही देती है आपके लिवर की सेहत की, लक्षण दिखें तो तुरंत जाएं डॉक्टर के पास

आंखें लिवर की सेहत का महत्वपूर्ण संकेत बन सकती हैं। जब आंखों का सफेद हिस्सा पीला पड़ने लगे, तब यह शरीर में बिलीरुबिन बढ़ने का संकेत हो सकता है। अगर आंखों में लगातार पीलापन, सूजन या रंग में बदलाव दिखाई दे, तो इसे सामान्य कमजोरी समझकर नजरअंदाज नहीं करना चाहिए।

लिवर हमारे शरीर के उन महत्वपूर्ण अंगों में से एक है जो बिना थके, बिना रुके लगातार काम करता रहता है। शरीर से विषैले पदार्थों को बाहर निकालना हो या फिर भोजन को ऊर्जा में बदलना, पाचन को ठीक रखना हो या फिर शरीर के लिए जरूरी हार्मोन्स बनाना, लिवर कई महत्वूर्ण कार्य करता है। हालांकि जिस तरह से हमारी लाइफस्टाइल-खानपान गड़बड़ होता जा रहा है, इसने लिवर से जुड़ी बीमारियों को तेजी से बढ़ा दिया है। कम उम्र के लोग यहां तक कि बच्चे भी लिवर की बीमारियों का शिकार देखे जा रहे हैं।

डॉक्टर कहते हैं, हेल्थ चेकअप रूटीन में लिवर की जांच को जरूर शामिल किया जाना चाहिए। शुरुआती चरण में लिवर की बीमारियों के अक्सर कोई संकेत नहीं दिखते हैं, यही कारण है कि ये धीरे-धीरे बढ़ती रहती है। समय पर जांच की मदद से आप



लिवर की समस्याओं को समय रहते पता लगाकर इलाज करा सकते हैं।

विशेषज्ञ कहते हैं, हमारा शरीर भी लिवर की समस्याओं का संकेत देता रहता है। आप आंखों को ध्यान से देखकर भी जान सकते हैं कि लिवर हेल्दी है या नहीं?

#### लिवर का हाल

जी हां, हमारी आंखें भी लिवर की सेहत के बारे में बताती हैं। आंखों का सफेद हिस्सा अगर पीला दिख रहा हो, यानी कि अगर आपमें पीलिया के लक्षण हैं तो ये भी लिवर की समस्याओं की तरफ इशारा माना जाता है। शरीर में बिलीरुबिन का स्तर बढ़ने के कारण ये दिक्कत होती है। बिलीरुबिन लाल रक्त कोशिकाओं के टूटने से बनता है। सामान्य स्थिति में लिवर इसे प्रोसेस करके शरीर से बाहर निकाल देता है। जब लिवर ठीक से काम नहीं करता, तब यह शरीर में जमा होने लगता है और आंखों के अलावा त्वचा में भी पीलापन बढ़ जाता है। आंखों में होने वाले इस तरह के बदलाव पर समय रहते ध्यान देकर आप लिवर की गंभीर समस्याओं से सुरक्षित हो सकते हैं।



#### पीलिया को न करें अनदेखा

मेडिकल रिपोर्ट्स से पता चलता है कि जब लिवर कमजोर हो जाता है या उसमें सूजन, संक्रमण होती है, तब वह ठीक से काम नहीं कर पाता है। ऐसी स्थिति में अतिरिक्त बिलीरुबिन को भी लिवर सही तरीके से बाहर नहीं निकाल पाता। इसके कारण यह खून में जमा होने लगता है और सबसे पहले आंखों के सफेद हिस्से में पीलापन दिखाई देने लगता है।

हेपेटाइटिस, फैटी लिवर, संक्रमण जैसी स्थितियां इसके पीछे कारण हो सकती हैं। अगर आंखों के साथ त्वचा भी पीली हो रही हो, पेशाब गहरा पीला हो और लगातार कमजोरी महसूस हो रही हो, तो तुरंत डॉक्टर से जांच करानी चाहिए।



#### लिवर को स्वस्थ रखने के उपाय

लिवर की कई बीमारियों को सही लाइफस्टाइल और खानपान को अपनाकर काफी हद तक रोका जा सकता है। हरी सब्जियां, फल-साबुत अनाज और प्रोटीन युक्त भोजन लिवर को स्वस्थ रखने में मदद करते हैं। ज्यादा तला-भुना, प्रोसेस्ड फूड्स और ज्यादा चीनी वाली चीजें फैटी लिवर का खतरा बढ़ा सकती हैं। ज्यादा शराब पीना लिवर कोशिकाओं को नुकसान पहुंचाकर फैटी लिवर और सिरोसिस का खतरा बढ़ा सकती है। वजन को कंट्रोल रखने से नॉन-अल्कोहोलिक फैटी लिवर डिजीज का खतरा कम होता है। हेपेटाइटिस-ए और बी के टीके भी लिवर को संक्रमण से बचाने में मदद करते हैं। आंखों में पीलापन के अलावा भी कई अन्य संकेत भी शरीर की बीमारियों की तरफ इशारा हो सकते हैं। आंखों में सूखापन, सूजन और आसपास की त्वचा का रंग बदलना भी लिवर से जुड़ी समस्याओं का संकेत हो सकता है।



## आपके रूटीन की ये आदतें बना सकती हैं बीपी का मरीज

हाई ब्लड प्रेशर एक ऐसी समस्या है जिससे हार्ट अटैक जैसी गंभीर और जानलेवा समस्याओं का जोखिम बढ़ जाता है। कई बार ये समस्याएं हमारी ही कुछ गलत आदतों की वजह से होती हैं। आइए इस लेख में कुछ ऐसी ही आदतों के बारे में जानते हैं। हाई ब्लड प्रेशर आज के समय में एक आम स्वास्थ्य समस्या बन गया है। कई बार इसे 'साइलेंट किलर' भी कहा जाता है, क्योंकि इसके शुरुआती लक्षण ऐसे होते हैं जिसे आमतौर पर इंसान ध्यान नहीं दे पाता है। यह धीरे-धीरे शरीर के महत्वपूर्ण अंगों जैसे हृदय, किडनी और मस्तिष्क को नुकसान पहुंचाता रहता है। हाई ब्लड प्रेशर के कई कारण हो सकते हैं, जिनमें आनुवंशिकी, उम्र और कुछ मेडिकल कंडीशन शामिल हैं। हालांकि, विशेषज्ञों का मानना है कि इन सब के अलावा हमारी कुछ आदतें भी ऐसी होती है, जिससे हाई ब्लड प्रेशर का खतरा काफी बढ़ जाता है।

जिन लोगों की लाइफस्टाइल खराब होती है उन्हें अक्सर ब्लड प्रेशर बढ़े रहने या कम होने की समस्या हो सकती है। आइए ऐसी ही कुछ सामान्य आदतों पर नजर डालते हैं जो हाई ब्लड प्रेशर का कारण बन सकती हैं। अगर आप भी इनमें से किसी भी आदतों के शिकार हैं, तो आज ही सावधान हो जाएं और उनमें बदलाव लाने की कोशिश करें।

#### संतलित आहार न लेना

हम क्या खाते हैं, इसका सीधा असर हमारे ब्लड प्रेशर पर पड़ता है। अत्यधिक



नमक का सेवन उच्च रक्तचाप का सबसे बड़ा दुश्मन है। ज्यादा नमकीन स्नैक्स, पैकेटबंद खाना, फास्ट फूड और तला-भुना भोजन में सोडियम की मात्रा बहुत होती है, जो ब्लड प्रेशर बढ़ा सकता है। रेड मीट का अधिक सेवन और फल-सब्जियों की कमी भी इसका कारण बनती है। असंतुलित खानपान वजन बढ़ाता है और रक्त वाहिकाओं को नुकसान पहुंचाता है।

#### सेडेंटरी लाइफस्टाइल (शारीरिक गतिविधि की कमी)

आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में बहुत से लोग घंटों कुर्सी पर बैठे रहते हैं या शारीरिक मेहनत से बचते हैं। नियमित व्यायाम या किसी भी तरह की फिजिकल एक्टिविटी न करना 'सेडेंटरी लाइफस्टाइल' कहलाता है। शारीरिक गतिविधि की कमी से वजन बढ़ता है, मांसपेशियां कमजोर होती हैं और हृदय को ठीक से काम करने के लिए ज्यादा मेहनत करनी पड़ती है। ऐसे में व्यायाम हृदय को मजबूत बनाता है और रक्तचाप को कंट्रोल रखने में मदद करता है।

#### मानसिक तनाव की समस्या पर ध्यान न देना

तनाव हमारी जिंदगी का हिस्सा है, लेकिन क्रॉनिक या लंबे समय तक रहने वाला तनाव ब्लड प्रेशर के लिए खतरनाक हो सकता है। तनाव की स्थिति में शरीर स्ट्रेस हार्मोन (जैसे कोर्टिसोल) रिलीज करता है, जिससे हृदय गति बढ़ती है और रक्त वाहिकाएं सिकुड़ती हैं। यदि तनाव लगातार बना रहता है तो यह धीरे-धीरे हाई ब्लड प्रेशर का स्थायी कारण बन सकता है। ऐसे में तनाव को नियंत्रित करके रक्तचाप को भी कंट्रोल किया जा सकता है, इसके लिए योग, ध्यान जैसे अभ्यास सहायक हैं।

#### पूरी नींद न लेना

पर्याप्त और अच्छी गुणवत्ता वाली नींद हमारे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए बेहद जरूरी है। जब हम सोते हैं, तो हमारा शरीर स्ट्रेस हार्मोन को रेगुलेट करता है और रक्तचाप को नियंत्रित करता है। नींद की कमी या बार-बार नींद का टूटना इन प्रक्रियाओं को बाधित करता है।



## सपने में हाथी देखने से आ सकते हैं जीवन में बदलाव

सपने में किसी भी जानवर को देखना अपने जीवन में आने वाले कुछ बदलावों का संकेत हो सकता है। ऐसे ही अगर आपको कभी सपने में हाथी दिखाई देता है तो इसके आपके जीवन में क्या मतलब हो सकते हैं। इसके बारे में यहां जानें।


#### सपने में हाथी की परेड देखना

हाथियों का सपना आपके जीवन के लिए कई अलग-अलग रूप ले सकता है, लेकिन प्रत्येक में अद्वितीय प्रतीकवाद होता है जो आपकी कल्पना को पकड़ सकता है। सबसे लोकप्रिय सपनों में से एक है हाथी की परेड देखना है। इस सपने में हाथियों की एक परेड शक्ति, सद्भाव और खुशी का प्रतिनिधित्व करती है। इसके अतिरिक्त, हाथी की परेड का सपना देखना इस बात का संकेत हो सकता है कि आप अपने दैनिक जीवन में एक खुशहाल, सहयोगी या महत्वपूर्ण समय से गुजार रहे हैं।

#### हाथी द्वारा आपका पीछा करने का सपना

हाथी का आपका पीछा करने का सपना देखना जिज्ञासा और भय के मिश्रण को दिखाता है। यह स्थिति अक्सर आपके अवचेतन मन में आपके चेतन जीवन में कठिनाइयों की स्वीकृति को दर्शाती है। आपके पीछे भागते हुए हाथी उन जरूरी मुद्दों का भी प्रतीक हो सकते हैं जिनसे आप बचने की कोशिश कर रहे हैं।

ज्योतिष में हाथी का पीछा करना बाधाओं का सामना करने और उनसे भागने की कोशिश करने के बजाय सकारात्मक समाधान निकालने की याद दिलाता है। सपने में हाथी द्वारा आपका पीछा करने का एक अर्थ यह भी है कि कुछ लोग या बाधाएं आपको



अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने से रोक रही हैं। यदि आप लोगों से छुटकारा पा सकते हैं और बाधाओं को पार कर सकते हैं तो आपके जीवन के लक्ष्य किसी न किसी बिंदु पर वास्तविकता बन सकते हैं।

#### सपने में हाथी के बच्चे को देखना

हाथी के बच्चे का सपना देखना पवित्रता, खुशी और नई शुरुआत का प्रतीक माना जाता है। ज्योतिष में हाथी के बच्चे का सपना आपके रचनात्मक पक्ष, पोषण की प्रवृत्ति या आपके जीवन में एक फलदायी चरण की शुरुआत का प्रतिनिधित्व करते हैं। जब आप हाथी के बच्चे का सपना देखते हैं, तो यह एक संकेत हो सकता है कि आपको अपनी स्वाभाविक जिज्ञासा, उत्साह और विकास की क्षमता को अपनाना चाहिए। हाथी के बच्चे का सपना यह भी संकेत दे सकता है कि आप अपनी छोटी-छोटी समस्याओं को ज्यादा महत्वपूर्ण बना रहे हैं।

## किचन में लगी चिमनी पर जमी चिकनाई हटाएं ऐसे



किचन में लगी हुई चिमनी खाने से निकलने वाले तेल और मसालों की वजह से काफी चिकनी हो जाती है। ऐसे में कभी-कभी उसपर जमा जिद्दी ऑयल साफ नहीं होता है। अगर आपके साथ भी ऐसा होता है तो आपको एक आसान सी ट्रिक अपनानी चाहिए, जिससे चिमनी पर जमा चिकनाई बाहर निकल कर आ जाएगी। है।

इसके लिए आपको एक बर्तन में मार्केट से लेकर लिक्विड सोडा डालना है। अब आप उसमें थोड़ा वाशिंग पाउडर डालकर मिक्स करें। इसके बाद आपको आधा नींबू निचोड़ देना है। ऐसा करने के बाद चिमनी के फिल्टर निकाल लें।इस घोल में आपको छोटा ब्रश डिप करना है।फिर चिमनी पर जमा चिकनाई को हल्के हाथों से रगड़ना है।इसके बाद कोई साफ सूखा हुआ सूती कपड़ा लेकर उससे चिमनी को पोंछ देना है।

चिमनी को साफ करने के अन्य तरीके

आप चिमनी की सफाई यदि हर हफ्ते करेंगी तो आप उसे नार्मल क्लीनर से भी साफ कर सकती हैं। इसके अलावा आप गर्म पानी में वाशिंग पाउडर और बेकिंग सोडा डालकर भी चिमनी और जमा तेल को साफ कर सकती हैं। एल्युमिनियम फॉयल के टुकड़े लेकर उसको चिमनी पर रगड़ें। ऐसा करने से भी चिमनी की गंदगी साफ हो जाती है। आप चिमनी के फिल्टर निकालकर उसको लोहे स्क्रबर और लिक्विड डिश वॉश से क्लीन करें।

कार्नर न्यूज

### शहर में क्रिकेट का रोमांच, अलग-अलग आयु वर्ग में टीमें आमने-सामने

## टी-20 चैलेंजर ट्रॉफी में ईस्ट और सेंट्रल जोन की शानदार जीत

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंडर-23 एवं सीनियर महिला टी 20 चैलेंजर ट्रॉफी के अंतर्गत रविवार को विभिन्न टीमों के बीच मुकाबले हुए। कल्याण कॉलेज ग्राउंड सेक्टर-7 में टीम नॉर्थ जोन विरुद्ध ईस्ट जोन परिणाम में ईस्ट जोन ने 6 विकेट से जीता। बल्लेबाजी में नॉर्थ जोन ने 7 विकेट पर 96 रन बनाए। जिसमें मानसी मौर्य ने 36 रन और योगिता लहरे ने 20 रन का योगदान दिया। गेंदबाजी में ईस्ट जोन की प्रतिज्ञा सिंह, शिविका अग्रवाल एवं शिवानी यादव ने दो-दो विकेट लिए। बल्लेबाजी में ईस्ट जोन ने 4 विकेट पर 97 रन बनाए। इशा भारती ने नॉट आउट 56 रन बनाए। रुखसाना खातून ने 14 रन बनाए। बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सिविक सेंटर में टीम वेस्ट जोन विरुद्ध सेंट्रल जोन परिणाम में सेंट्रल जोन ने 10 विकेट से जीता। बल्लेबाजी में वेस्ट जोन ने 7 विकेट पर 195 रन बनाए। कुमुद साहू ने नॉट आउट 83 रन और श्वेता देवांगन ने 18 रन बनाए। गेंदबाजी में सेंट्रल जोन की श्रद्धा वैष्णव ने दो विकेट और पहल टंडन, भवानी ताम्रकार, सपना महानंद एवं जपनीत कौर ने एक-एक विकेट लिए।



बल्लेबाजी में सेंट्रल जोन ने बिना कोई विकेट खोए 156 रन बनाए। कृति गुप्ता ने 57 रन, सेजल वर्मा ने नॉट आउट 61 रन और भाविका साहू ने नॉट आउट 26 रन बनाए।

#### आदित्य प्लेयर ऑफ द मैच

क्रिकेट फाउंडेशन अकादमी करंजा भिलाई की ओर से यूथ क्रिकेट टूर्नामेंट शनिवार से शुरू हुई। तीस-तीस ओवरों में 17 मई तक आयोजित टूर्नामेंट में कुल छ टीमें भाग ले रही है। जिन्हें दो पूल में विभाजित किया गया है। पुल ए में क्रिकेट फाउंडेशन अकादमी स्टील सिटी भिलाई एवं ईसीए रायपुर की टीम, पुल बी में गोविंद चौहान क्रिकेट अकादमी भिलाई, आरके अकैडमी भिलाई एवं पदमनाभपुर क्रिकेट क्लब दुर्ग शामिल हैं। पहले दिन खेलें गए मैच में स्टील सिटी भिलाई ने क्रिकेट फाउंडेशन अकादमी को पांच रन से पराजित किया। बल्लेबाजी में स्टील सिटी ने 8 विकेट पर 135 रन बनाए। क्रिकेट फाउंडेशन अकादमी ने 9 विकेट पर 130 रन बनाए। प्लेयर ऑफ द मैच आदित्य यादव रहे।

#### जूनियर नेशनल टेनिस बॉल क्रिकेट चयन के लिए पंजीयन 13 तक

भारतीय टेनिस बॉल क्रिकेट महासंघ के तत्वाधान में उत्तर प्रदेश टेनिस बॉल क्रिकेट संघ द्वारा 34 वीं जूनियर नेशनल टेनिस बॉल क्रिकेट चैंपियनशिप (बालक एवं बालिका वर्ग) 18 जून से 21 जून तक बलिया उत्तर प्रदेश में आयोजित है। उक्त चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ प्रदेश की बालक एवं बालिका टेनिसबॉल क्रिकेट टीम का चयन किया जाना है। जिसके लिए पंजीयन 13 मई तक सेक्टर 1 क्रिकेट स्टेडियम के पास कार्यालय में सचिव आजाद खान के समक्ष करवा सकते हैं। इस चयन स्पर्धा में भाग लेने खिलाड़ियों का जन्म 20 जून 2007 के बाद होना चाहिए। पंजीयन जन्म प्रमाण पत्र के साथ जमा करना होगा। चयन स्पर्धा के लिए निर्धारित स्थल बताया जाएगा।

#### अंडर-16 एलिट ग्रुप में पंचम की हैट्रिक

छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ (सीएससीएस) द्वारा आयोजित अंडर-16 एलिट ग्रुप अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता के अंतर्गत तीसरे राउंड के चौथे एवं अंतिम दिन शानदार मुकाबले हुए। बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सेक्टर-1 में टीम बीएसपी विरुद्ध रायपुर ब्लू के मैच में परिणाम रायपुर ब्लू ने एक पारी एवं 127 रन से जीता एवं सात अंक हासिल किए।

रायपुर ब्लू की ओर से दाएं हाथ के तेज गेंदबाज पंचम डोंगरे ने बीएसपी की दूसरी पारी में हैट्रिक ली। उन्हें अभिषेक ताम्रकार के हाथों पुरस्कृत किया गया। बल्लेबाजी में रायपुर ब्लू ने पहली पारी सात विकेट पर 404 रन बनाकर पारी घोषित कर दी। बल्लेबाजी में बीएसपी टीम पहली पारी में 120 रन पर आउट हो गई। फॉलो ऑन खेलते हुए बीएसपी की टीम दूसरी पारी में टीम 157 रन बनाकर आउट हो गई।

न्यू ग्राउंड कांकेर में टीम रायपुर विरुद्ध कवर्धा में परिणाम रायपुर ने एक विकेट से जीता एवं 6 अंक हासिल किए। बल्लेबाजी में कवर्धा टीम पहली पारी में 109 रन पर आउट हो गई। बल्लेबाजी में रायपुर टीम पहली पारी में 125 रन पर आउट हो गई। बल्लेबाजी में कवर्धा टीम दूसरी पारी में 117 रन पर आउट हो गई। बल्लेबाजी में रायपुर ने दूसरी पारी में 9 विकेट पर 103 रन बनाए।



## खबर संक्षेप

### पुष्पा ने ग्लोबल बिजनेस समिट में किया प्रतिनिधित्व

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र की स्टील मेल्टिंग शॉप–3 की महाप्रबंधक पुष्पा एम्ब्रोस ने मलेशिया के विन्धम क्लांग में आयोजित ग्लोबल बिजनेस समिट में संयंत्र का प्रतिनिधित्व किया। ग्लोबल सिनर्जी: बिजनेस विदाउट बाउंड्रीज़ विषय पर हुए सम्मेलन में वैश्विक उद्योग क्षेत्र के प्रतिनिधि, नीति-निर्माता व विशेषज्ञ शामिल हुए। श्रीमती एम्ब्रोस ने विषय वैश्विक उद्योगों को बढ़ावा देना: सहयोग और अवसर पर वैश्विक औद्योगिक परिदृश्य में सीमापार सहयोग, नवाचार तथा एकीकृत व्यावसायिक दृष्टिकोण के महत्व पर प्रकाश डाला। सम्मेलन के दौरान वैश्विक औद्योगिक सहयोग, वर्ष 2026 एवं उससे आगे के आर्थिक परिदृश्य, वैश्विक गतिशीलता तथा अंतरराष्ट्रीय शिक्षा आदि क्षेत्रों के विशेषज्ञों ने विचार साझा किए। विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले व्यक्तियों व संस्थानों को सम्मानित किया गया।

### आकाशगंगा मार्केट में जनमित्र कार्यक्रम



**भिलाई।** आकाश गंगा मार्केट सुपेला में जनमित्र कार्यक्रम हुआ। जिसमें व्यापारियों, मजदूरों, वाहन चालकों को नशा, साइबर अपराध, ट्रैफिक नियमों को लेकर जागरूक किया गया। इस दौरान सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी ,निरीक्षक विजय यादव मार्केट में पहुंचे थे। लोगों को नशे से होने वाले गंभीर परिणाम, साइबर ठगी से बचाव के उपाय, ट्रैफिक नियमों के पालन को लेकर आवश्यक जानकारी दी। नशा संबंधी शिकायत के लिए टोल फ्री नंबर 1933, साइबर फ्रॉड से जुड़े शिकायत के लिए 1930, ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन की सूचना 1033 नंबर पर संपर्क करने की जानकारी दी गई। वाहन चालकों को हेलमेट, सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग करने, ट्रैफिक संकेतों का पालन करने की समझाइश दी गई। नागरिकों से क्षेत्र में किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना पुलिस को देने की अपील भी की गई। उक्त जनजागरुकता कार्यक्रम में पुलिस कर्मी मौजूद थे।

# मैत्रीबाग चिड़ियाघर में नौकाविहार का रोमांच नहीं ले पा रहे सैलानी

## नन्हे पर्यटक और यंगस्टर हो रहे मायूस, एग्रीमेंट खत्म होने से अवरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

मैत्रीबाग में गर्मी के मौसम में नौका विहार का मजा ही कुछ और होता है। लेकिन इन दिनों पर्यटक इसका लुत्फ नहीं पा रहे हैं। पिछले एक पखवाड़े से बोटिंग बंद होने से उन्हें निराश होना पड़ रहा है।

मैत्रीबाग में प्रबंधन द्वारा बोटिंग का संचालन ठेका एजेंसी के माध्यम से किया जाता है। सूत्रों के मुताबिक बोटिंग का ठेका एक साल के लिए दिया गया था। इसके बाद विभाग द्वारा नौकायन के संचालन के लिए ठेका रिन्यू किया जाना था या दूसरी एजेंसी को यह काम दिया जाना था। लेकिन ठेका कार्य संपादित होने की प्रक्रिया में लेटलतीफी के चलते पिछले हफ्तेभर से बोटिंग का संचालन बंद है। झील के बोट काम्पलेक्स के गेट में ताला लगा हुआ है। मैत्रीबाग में 7 बोटें हैं। बोटिंग बंद होने से पर्यटकों को मायूस बैरंग लौटना पड़ रहा है। खासकर बच्चे और युवा नौका संचालन बंद होने से मायूस हैं। मैत्रीबाग आए पर्यटकों ने बताया कि मैत्रीबाग में गर्मी के दिनों बोटिंग का लुत्फ उठाने के लिए सबसे ज्यादा भीड़ यहीं होती है। लेकिन झील के किनारे सन्नाटा पसरा हुआ है। बोटिंग का संचालन जल्द शुरु होने से पर्यटक इसका लुत्फ उठा सकेंगे।



### म्यूजिकल फाउंटेन भी बंद पड़ा

मैत्रीबाग में गर्मी के दिनों में म्यूजिकल फाउंटेन सैलानियों का प्रमुख मनोरंजन का माध्यम था । लेकिन यह फाउंटेन भी पिछले लंबे समय से बंद पड़ा है। इस कारण इसका नजारा लेने यहां आने वाले लोगों को हताश होना पड़ रहा है। उल्लेखनीय है कि मैत्रीबाग में वर्ष 2000 में इंस्टाल अनूठे म्यूजिकल फाउंटेन का शो हफ्ते में दो दिन गुरुवार और शनिवार को शाम 7 किया जाता था। इसके उद्घाटन के दौरान विभागीय अधिकारियों द्वारा इसे अपनी तरह का देश का पहला और यूनिक म्यूजिकल फाउंटेन बताया गया था। जब सतरंगी फौव्वारा फिल्मी गीत की सुरीली धुन के साथ जल तरंगें नाचती थीं तो दर्शक मंत्रमुग्ध हो जाते थे। लेकिन कुछ साल पूर्व तकनीकी खराबी से बंद होने पर कुछ बार इसे सुधार कर चालू किया गया पर कुछ दिनों बाद फिर बंद हो जा रहा था। पर्यटकों ने बताया कि लंबे समय से बंद पड़े म्यूजिकल फाउंटेन का जल्द रिपेयर किये जाने की जरुरत है ताकि सभी इसका लुत्फ उठा सकें।

## कर्मचारियों का भी वेतन समझौता अपूर्ण, मुर्गा चौक पर आज जंगी प्रदर्शन

# बीएसपी के हजारों श्रमिकों को न्यूनतम वेतन व सामाजिक सुरक्षा नहीं मिलने से बढ़ा असंतोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

निजीकरण और मेनपावर के संकट के चलते देश की नवरत्न कंपनी सेल के सबसे के सबसे बड़े प्लांट भिलाई इस्पात संयंत्र में ठेका मजदूरों की हालत बद से बदतर होती जा रही है। चौतरफा शोषण से असंतोष बढ़ रहा है। केंद्रीय निर्धारित न्यूनतम वेतन, सुविधाएं, बोनस और सुरक्षा उपकरणों में ठेका कंपनियों की कोताही और अब 35 प्रतिशत श्रमिकों की छंटनी की तैयारी से हजारों मजदूरों के सड़क पर आने की नौबत आ गई है। मजदूरों की लंबित मांगों को लेकर अब यूनियनों ने आंदोलन तेज करने का ऐलान किया है। स्टील इम्पलाइज यूनियन इंटक और स्टील ठेका श्रमिक यूनियन इंटक के द्वारा आज सोमवार को मुर्गा चौक पर जंगी प्रदर्शन किया जाएगा। वहीं एचएमएस यूनियन ने भी लंबे आंदोलन की चेतावनी दी है।

उल्लेखनीय है कि बीएसपी में 25 हजार ठेका मजदूर काम कर रहे हैं। नियमित कर्मी मात्र 11 हजार बचे हैं। सबसे ज्यादा काम का दबाव मजदूरों पर पड़ रहा है। लेकिन उन्हें वेतन व अन्य सुविधाओं को लेकर प्रबंधन उदासीन बना हुआ है। इंटक यूनियन के मुताबिक वर्तमान हालात में ठेका मजदूर व नियमित कर्मियों दोनों में भी भारी आक्रोश है। महती योगदान देने के बाद भी मजदूरों को न्यूनतम वेतन दिया जा रहा है और न ही सामाजिक सुरक्षा ही उपलब्ध है। इस पर मजदूरों के 35 प्रतिशत छंटनी के फरमान से चिंता और असंतोष है। नियमित कर्मियों का भी वेतन समझौता अब तक अपूर्ण है, मेनपावर की कमी के बीच उन्हें वीआर व सीआर के दबाव के बीच काम करने मेजबूर होना पड़ रहा है। यूनियन के महासचिव संजय साहू ने बताया कि ठेका श्रमिकों के लिए केंद्रीय न्यूनतम वेतन लागू कर न्यूनतम मासिक वेतन 26 हजार रुपए निर्धारित करने, 35% ठेका श्रमिकों की छंटनी पर रोक लगाने, काम की गारंटी सुनिश्चित करने तथा सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने और आदि मांगों को लेकर मुर्गा चौक पर सुबह 7.45 से 8.45 तक प्रदर्शन किया जाएगा।

यदि मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। कर्मचारियों के वेतन समझौता पूर्णकर 39 महीने के एरियर्स भुकतान, 1 जनवरी 2027 से वेज बोर्ड गठन, 650 वर्ग फीट के सभी आवासों को लाइसेंस पर देने व सब्जेक्ट टू वेकेसन को पुनः शुरू करने की मांग की जाएगी।

### लंबित मांगों को लेकर स्टील इम्पलाइज यूनियन इंटक के बैनर तले एकजुट होंगे ठेका मजदूर



### एचएमएस ने दी शोषण खत्म नहीं होने पर दी बड़े आंदोलन की चेतावनी

भिलाई हिंद मजदूर सभा ( एचएमएस ) ने भी बीएसपी में ठेका मजदूरों के चौतरफा शोषण व प्रबंधन तथा श्रम विभाग की उदासीनता के खिलाफ जल्द मांग पूर्ण नहीं होने पर लंबे आंदोलन की चेतावनी दी है। यूनियन के छग प्रदेश कार्यवाहक अध्यक्ष एचएस मिश्रा ने डायरेक्टर इंचार्ज से मजदूरों की सभी मांगों के जल्द निदान की मांग की है, ऐसा नही होने पर लंबे आंदोलन की चेतावनी दी है। श्री मिश्रा ने बताया की बीएसपी में कठिन परिश्रम करने वाले 25 हजार श्रमिकों का सबसे बड़ा योगदान है। फिर भी प्रबंधन व केंद्र या राज्य सरकार, सभी कर्मचारियों का हक छीनने मजदूरों का शोषण करने व गला काटने वाले नियम बनाये जा रहे हैं। 29 श्रम कानून को समाप्त कर 4 श्रम संहिता बनाने से बीएसपी मे बाहर से आने वाले विभागीय वरिष्ठ अधिकारी को काम देने से स्थानीय कंपनी और ठेकेदार को काम नहीं मिल पा रहा है। 5 से 10 साल काम करने वाले मजदूरों का नियमितीकरण, रिटेंसन व सालाना बोनस 8.33 तथा लाभ अर्जित करने पर 20 प्रतिशत बोनस दिया जाए। बैलेंस शीट के आधार पर वार्षिक वेतन वृद्धि भी मंहगाई के दर से भुगतान किया जाये। नियमित कर्मचारी हो या ठेका कर्मचारी सभी को ईएसआई के माध्यम से परिवार के सभी सदस्यों को चिकित्सा लाभ के साथ पीएफ की कटौती पूरी हाजिरी के हिसाब से काटा जाये। 10 दिन 12 दिन 14 दिन की हाजिरी का पीएफ कटौती करते करने वाली ठेकेदारों और कंपनियों पर कार्रवाई की जाए व अधिकतर ठेकेदारों द्वारा 3 हजार र से 4000 रूपये बोनस देना नियम विरूद्ध है। अधिकतर ठेकेदार सुरक्षा के उपकरण नहीं दे रहे हैं 4 हजार से 5 हजार रूपये वापस ले लेते हैं। जो मजदूरनहीं देते उन्हें काम से निकालने की बात व धमकी देते है। कानून से बचने के लिये कुछ ठेकेदार 12 हजार रूपये खाते में डालते है। बीएसपी व एनएसपीसीएल में एडब्ल्यूए 3700 रूपये महिने का देना है। लेकिन 2-4 कंपनी व ठेकेदार को छोड़कर सभी ठेकेदार व कंपनी वाले 1300 से 1400 रूपये महीने दे रहे हैं। कुछ कंपनी प्लांट में 12 घंटे काम कराते हैं और 8 घंटे का आईआर बनाते हैं। आपरेटिंग अथॉरिटी और उच्च अधिकारी चुप हैं। 5 वर्ष के बाद वेज रिवीजन का निर्धारण व पदोन्नति किया जाये।

# बीएसपी का पचास साल पुराना पीआर कार्यालय जल्द से.1 में होगा स्थानांतरित

### पुराने परिसर में बनेगी सबसे लंबी रेल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

इस्पात भवन के निकट स्थित भिलाई इस्पात संयंत्र का जन संपर्क कार्यालय जल्द ही सेक्टर 1 पोस्ट ऑफिस के पास जेपी सीमेंट के गेस्ट हाउस भवन में संचालित किया जाएगा। इसके लिए शिफ्टिंग का काम शुरू हो गया है। पुराने कार्यालय परिसर में जल्द ही दुनिया की सबसे लंबी रेल पांत की ढलाई का प्रोजेक्ट शुरू होगा।

बीएसपी के प्रस्तावित एक्सपांशन प्रोजेक्ट के तहत नई रेल एंड स्ट्रक्चरल मिल का निर्माण किया जाना है। मिल का विस्तार बीएसपी के औद्योगिक संबंध विभाग (आईआर) और जनसंपर्क विभाग कार्यालय के आगे तक किया जाना है। इसके लिए सालभर पूर्व स्थल चिन्हांकित करने के बाद दायरे में आने वाले भवनों को डिस्मेंटल किया जाना है। पिछले दिनों पीआर परिसर के चिन्हांकित कुछ पेड़ों आदि कटाई के बाद अब इस कार्यालय को स्थानांतरित किये की तैयारी शुरू हो गई है। पुराने जन संपर्क कार्यालय से सामानों की शिफ्टिंग नए कार्यालय भवन सेक्टर 1 में शुरु हो गई है। सभी सामानों और स्टेशनरी आदि की ढुलाई पूर्ण होते ही विभागीय नए भवन से पीआर आफिस का संचालन शुरू हो जाएगा।

■ सामान शिफ्टिंग का काम शुरू

2 मिलियन टन उत्पादन वाले बीएसपी की स्थापना के बाद 70 के दशक में इस्पात भवन का निर्माण होते ही इसके निकटस्थ ही पीआर आफिस स्थित था। इस दौरान संयंत्र में करीब 65 हजार वर्कर्स कार्यरत थे और 15 साल पूर्व तक तीस कर्मियों का स्टाफ पीआर कार्यलय में हुआ करता था। इनमें करीब दर्जनभर अधिकारी थे। यहां फोटो सेक्शन के साथ बीएसपी का अपना प्रिटिंग प्रेस भी हुआ करता था। इस्पात विहंगम और स्पाट लाइट जैसी करीब आधा दर्जन कंपनी की गतिविधियों की रंगीन पत्रिकाएं यहां प्रकाशित होती थीं। इस दौरान बीएसपी में घटकर 15 हजार होते ही आज इस विभाग में मात्र 7 लोगों का स्टाफ है जिनमें 3 अधिकारी कार्यरत हैं। पांच स्टाफ आउटसोर्स पर हैं। वर्तमान में बीएसपी की उत्पादन क्षमता 5 मिलियन टन है।

# बारिश से पहले नाला-नालियों की सफाई का अभियान तेज



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा आगामी वर्षाऋतु को ध्यान में रखते हुए शहर के सभी छोटे-बड़े नालों एवं नालियों की सफाई युद्ध स्तर पर कराई जा रही है। शहर के विभिन्न क्षेत्रों में विशेष सफाई अभियान चलाकर जल निकासी व्यवस्था को दुरुस्त करने का कार्य किया जा रहा है, ताकि बारिश के दौरान जलभराव की स्थिति निर्मित न हो। निगम द्वारा स्मृति नगर दीनदयाल कॉलोनी, संजय नगर तालाब के सामने, सूर्यकुंड के पीछे स्थित पोलियो अस्पताल, वार्ड क्रमांक 31 दुर्गा पारा तथा जोन-4 खुर्सीपार क्षेत्र में लगातार सफाई अभियान संचालित किया जा रहा है। सफाई कर्मियों द्वारा नालियों में जमी गंदगी, कचरा एवं अवरोधों को हटाकर पानी के सुचारू बहाव की व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देश पर निगम के सभी जोन का स्वास्थ्य विभाग अमला अपने-अपने क्षेत्रों में सफाई कार्य में जुटा हुआ है। निगम प्रशासन का उद्देश्य बारिश के दौरान नागरिकों को जलभराव एवं गंदगी की समस्या से राहत दिलाना है।

# कक्षा 11वीं-12वीं के विद्यार्थियों के लिए स्वयं पोर्टल पर 28 ऑनलाइन पाठ्यक्रम उपलब्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संचालित SWAYAM पोर्टल के माध्यम से कक्षा 11वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों के लिए विभिन्न विषयों में ऑनलाइन पाठ्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद द्वारा सत्रहवें चक्र के अंतर्गत 16 अप्रैल से 15 सितंबर 2026 तक 11 विषय क्षेत्रों में कुल 28 ऑनलाइन पाठ्यक्रम उपलब्ध कराए गए हैं। इन पाठ्यक्रमों की जानकारी एवं नामांकन के लिए विद्यार्थी और शिक्षक https://ciet.ncert.gov.i n/initia-tive/moocs-on-swayam पर अवलोकन कर सकते हैं। जिला शिक्षा विभाग द्वारा जिले के सभी विकासखंडों के विद्यालयों को निर्देशित किया गया है कि कक्षा 11वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों का SWAYAM पाठ्यक्रमों में अधिक से अधिक नामांकन हेतु प्रोत्साहित किया जाए। साथ ही संबंधित विषयों के शिक्षकों को भी इन पाठ्यक्रमों में सहभागिता के लिए प्रेरित करने कहा गया है। विद्यालय स्तर पर SWAYAM पाठ्यक्रमों की जानकारी का व्यापक प्रचार-प्रसार करते हुए विद्यार्थियों को ऑनलाइन शिक्षा से जोड़ने के प्रयास किए जाएंगे। शिक्षा विभाग ने सभी विद्यालयों से विद्यार्थियों के अधिकाधिक नामांकन सुनिश्चित करने तथा इस संबंध में आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं।

# ब्लैक एवं ग्रे स्पॉट में ट्रैफिक पुलिस चेकिंग, 5 प्रमुख पॉइंटों पर जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



ट्रैफिक पुलिस द्वारा जिले में सड़क हादसों की रोकथाम और ट्रैफिक व्यवस्था को सुरक्षित बनाए रखने के लिए लगातार विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिले के ग्रामीण क्षेत्र स्थित चिन्हित ब्लैक एवं ग्रे स्पॉट क्षेत्रों में विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान नागिन दाई मंदिर अंडा, बसनी चौक धमधा, अहिवारा मोड़ मुरमुन्दा चौक, फुंडा चौक, मोतीपुर चौक अमलेश्वर समेत कुल 5 प्रमुख पॉइंटों पर सघन जांच की गई। जांच के दौरान 8 वाहन चालक शराब के नशे में वाहन चलाते पाए गए। जिनके खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 185 के तहत कार्रवाई की गई।

जांच में यह भी पाया गया कि कई मालवाहक वाहन चालक दिन के समय भी शराब सेवन कर वाहन चला रहे थे। सड़क सुरक्षा की दृष्टि से अत्यंत गंभीर खतरनाक स्थिति है। इसके अतिरिक्त मालवाहक वाहनों में सवारी परिवहन करने वाले 10 वाहन चालकों पर भी चालानी कार्रवाई की गई। चिन्हित ब्लैक, ग्रे स्पॉट क्षेत्रों में प्रातः 6 बजे से विशेष वाहन चेकिंग, अन्य जिलों से जोड़ने वाले प्रमुख मार्गों पर नशे में वाहन चलाने वाले मालवाहक वाहन चालकों पर कार्रवाई, मालवाहक वाहनों में सवारी परिवहन करने वाले 10 वाहन चालकों पर कार्रवाई की गई। इसके अलावा विशेष अभियान के दौरान कुल 149 लापरवाह वाहन चालकों पर कार्रवाई की गई।

# शहर में सफाई के लिए नई मशीन 15 किमी की सफाई महज 8 घंटे में

**दुर्ग।** शहर की स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने की दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में अब नगर निगम द्वारा आधुनिक तकनीक का उपयोग करते हुए सड़क सफाई कार्य में उल्लेखनीय तेजी लाई गई है। शहर क्षेत्र के अंतर्गत निगम प्रशासन द्वारा रोड स्वीपिंग कार्य को ट्रैफिक कम होने के पश्चात रात्रिकालीन समय में संचालित किया जा रहा है।




इस पहल से न केवल सफाई कार्य में गति आई है, बल्कि दिन के समय यातायात भी प्रभावित नहीं हो रहा है। आधुनिक मशीन की विशेषता यह है कि यह लगभग 15 किलोमीटर लंबी एवं 10 फीट चौड़ा क्षेत्रफल को मात्र 8 घंटे में साफ करने की क्षमता रखती है। इससे पहले यही कार्य मैन्युअल रूप से करने में लगभग एक सप्ताह का समय लगता था।

जानकारी के मुताबिक मशीन के माध्यम से सफाई कार्य में न केवल समय की बचत हो रही है, बल्कि गुणवत्ता में भी उल्लेखनीय सुधार आया है। आयुक्त सुमित अग्रवाल ने बताया कि निगम का लक्ष्य है कि शहर की सभी प्रमुख सड़कों को नियमित रूप से मशीन के माध्यम से साफ कर नागरिकों को स्वच्छ एवं सुंदर वातावरण उपलब्ध कराया जाए। नगर निगम प्रशासन द्वारा किए जा रहे इस नवाचार से शहरवासियों को साफ-सुथरी सड़कें मिलने के साथ ही स्वच्छता के प्रति जागरूकता भी बढ़ेगी।

## भेंट मुलाकात कार्यक्रम में देवेन्द्र यादव ने सुनी लोगों की समस्याएं

# जल संकट और बिजली कटौती पर भड़के विधायक, अधिकारियों को लगाई फटकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव ने सेक्टर-5 स्थित अपने कार्यालय में भेंट मुलाकात कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान शहर के अलग-अलग क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग अपनी समस्याएं और मांगें लेकर पहुंचे। विधायक ने लोगों की समस्याएं सुनी और संबंधित अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए।

भेंट-मुलाकात में सबसे ज्यादा शिकायतें भीषण गर्मी के बीच जल संकट को लेकर सामने आईं। खुर्सीपार और छावनी क्षेत्र से पहुंचे करीब 50 से अधिक महिला-पुरुषों ने विधायक को बताया कि उनके इलाके में पेयजल की भारी समस्या बनी हुई है। क्षेत्र में नई पानी टंकी का निर्माण कार्य चल रहा है, लेकिन ठेकेदार की लापरवाही और मनमानी के कारण काम समय पर पूरा नहीं हो पाया है। टंकी अब तक शुरू हो जानी थी, लेकिन देरी के चलते लोग पानी के लिए परेशान हो रहे हैं।



इस पर विधायक देवेंद्र यादव ने नाराजगी जताते हुए निगम जोन-4 के अधिकारियों को फोन पर फटकार लगाई। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रभावित इलाकों में तत्काल नियमित रूप से टैंकरों के माध्यम से पानी पहुंचाया जाए और जहां जरूरत हो वहां पाइप लाइन का विस्तार किया जाए।

वहीं वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र के कोहका और कुरूद क्षेत्र से पहुंचे लोगों ने बिजली कटौती की समस्या उठाई। लोगों ने बताया कि बिजली कंपनी बिना सूचना के कभी भी बिजली बंद कर देती है, जिससे आमजन खासकर बच्चे, बुजुर्ग और महिलाएं गर्मी में बेहद परेशान हैं। कई बार शिकायत करने के बावजूद स्थिति में सुधार नहीं हो रहा है। इस पर विधायक ने बिजली विभाग के अधिकारियों को व्यवस्था सुधारने और अनावश्यक कटौती बंद करने के निर्देश दिए। इसके अलावा बड़ी संख्या में लोग राशन कार्ड, श्रम कार्ड, पेंशन, सहायता राशि, स्कूलों में बच्चों के प्रवेश और महतारी वंदन योजना से जुड़ी समस्याएं लेकर भी पहुंचे। विधायक देवेंद्र यादव ने सभी मामलों में संबंधित विभागों से समन्वय कर शीघ्र समाधान का भरोसा दिलाया।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 21,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण, श्री तुगनाथ महादेव
अन्य दर्शन:-काशी विश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन- (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग), माना गाँव (भारत का अंतिम गाँव),धारी देवी,चोपता
11 मई,25 मई, 06 जून, 15 जून, 05 सितम्बर, 10 सितम्बर, 26 सितम्बर,10 अक्टूबर, 22अक्टूबर, 2026
राशि:-स्लीपर-21,500/-, 3 एसी- 31,500/-, 2 एसी- 38,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411